वर्ष 24, अंक 263, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 2 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ईरानी राष्ट्रपति ने की सीजफायर की गुजारिश

### ट्रंप का नया दावा- नया शासन ज्यादा समझदार



**अमेरिका**

**डोनाल्ड** ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि ईरान ने अमेरिका से चल रहे संघर्ष में युद्धविराम का अनुरोध किया है, और कहा कि इस अनुरोध पर तभी विचार किया जाएगा जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और निर्मल होगा। संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक अस्पष्ट संकेत देते हुए, ट्रंप ने कहा कि जब तक ईरान की मांग पूरी नहीं हो जाती, अमेरिका ईरान को तबाह करना जारी रखेगा। दिलचस्प बात यह है कि रिपब्लिकन नेता ने ईरान के किसी विशिष्ट नेता का नाम नहीं लिया, जिसने युद्धविराम का अनुरोध किया है, हालांकि उन्होंने नए शासन के राष्ट्रपति का जिक्र किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि ईरान के नए शासन के राष्ट्रपति, जो अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में बहुत कम कट्टरपंथी और कहीं अधिक बुद्धिमान हैं। उन्होंने अभी-अभी संयुक्त राज्य अमेरिका से युद्धविराम का अनुरोध किया है!

उन्होंने आगे कहा कि हम तभी विचार करेंगे जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और निर्मल होगा।

तब तक, हम ईरान को तबाह कर देंगे या, जैसा कि वे कहते हैं, उसे पाषाण युग में वापस भेज देंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य, जो विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति का परिवहन करने वाला एक संकरा समुद्री गलियारा है, बढ़ते तनाव के बीच एक प्रमुख टकराव का केंद्र बन गया है। अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान द्वारा जलमार्ग से जहाजों के आवागमन को प्रतिबंधित करने के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

## मुश्किल के समय भारत बना पड़ोसियों के लिए संकटमोचक

**दक्षिण एशिया**

**दक्षिण एशिया** की राजनीति में अचानक आया यह मोड़ किसी भूचाल से कम नहीं है। कुछ महीने पहले तक भारत को घेरने की साजिश रचने वाले पड़ोसी देश आज उसी भारत के दरवाजे पर खड़े हैं। ईरान युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट ने पूरे क्षेत्र की असलियत उजागर कर दी है। जो देश कभी "इंडिया आउट" का नारा लगा रहे थे, आज वही भारत से तेल और गैस की मदद मांग रहे हैं। यह सिर्फ कूटनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन का निर्णायक पल है। सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कच्चे तेल का लगभग नब्बे प्रतिशत हिस्सा एशिया के देशों के लिए होता है। ईरान युद्ध ने इस जीवनरेखा को झकझोर दिया है। पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसे देश ऊर्जा निर्भरता के दलदल में फंस गए हैं। भारत भी आयात पर निर्भर है, लेकिन उसकी रणनीतिक तैयारी और संतुलित कूटनीति ने उसे संकट में भी मजबूत बनाए रखा है। ईरान ने भारत को मित्र मानते हुए तेल और रसोई गैस के जहाजों को रास्ता दिया, जो भारत के लिए बड़ी राहत साबित हुआ।

लेकिन असली कहानी यहां से शुरू होती है। भारत ने सिर्फ अपनी जरूरतों की चिंता नहीं की, बल्कि अपने पड़ोसियों को संकट से निकालने का बीड़ा उठाया। यही है भारत की "पड़ोस पहले" नीति का असली चेहरा, जो केवल नारा नहीं बल्कि जमीनी हकीकत बन चुकी है। हम आपको बता दें कि युद्ध से उपजे संकट का बांग्लादेश सबसे बड़ा शिकार बना है। अपनी जरूरत का 95 प्रतिशत तेल और तीस प्रतिशत गैस आयात करने वाला यह देश अब अंधेरे में डूब रहा है। बिजली कटौती, उद्योगों का ठप होना और विश्वविद्यालयों का बंद होना इस बात का सबूत है कि ऊर्जा संकट किसी देश की रीढ़ कैसे तोड़ सकता है। कपड़ा उद्योग, जो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था की जान है, इस समय डीजल की कमी से जूझ रहा है।

ऐसे में बांग्लादेश सरकार ने भारत की ओर रुख किया और भारत ने बिना देरी किए मदद का हाथ बढ़ाया। असम के नुमालीगढ़ रिफाइनरी से पाइपलाइन के जरिए डीजल की आपूर्ति तेज कर दी गई। हजारों टन ईंधन भेजा गया और आगे भी आपूर्ति जारी है। हम आपको याद दिला दें कि यह वही बांग्लादेश है जहां हाल ही में भारत विरोधी माहौल चरम पर था।

## भारत के लिए बड़ी खुशखबरी, सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली**

**जब** रास्ता बंद होता है तो समझदार देश दूसरा रास्ता खोज लेते हैं। मिडिल ईस्ट में जंग, हॉर्मोज स्ट्रेट पर खतरा और भारत के किचन तक पहुंचती गैस की किल्लत। अब तस्वीर बदलने वाली है क्योंकि बता दें कि भारत ने उठा लिया है एक सबसे बड़ा कदम। खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने की तैयारी कर ली गई है और अब नजर टिक गई है अफ्रीका के एक ऐसे देश पर जिसका नाम आपने कम सुना होगा यानी कि अंगोला। जी हां, भारत अब अंगोला से एलपीजी यानी कि रसोई गैस खरीदने की तैयारी कर रहा है।

## हर घर में पाइपलाइन गैस पहुंचाने की तैयारी तेज, 4 लाख नए पीएनजी कनेक्शन लगेंगे

**नई दिल्ली**

देश में चल रहे गैस संकट की समस्याओं के बीच दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. सरकार द्वारा राजधानी के हर घर में पाइपलाइन गैस पहुंचाने की तैयारी तेज हो गई है. सरकार का प्लान 4 लाख नए PNG कनेक्शन लगाने का है. इसको लेकर राजधानी में मिशन मोड पर काम शुरू होगा. सरकार ने अफसरों को नए पीएनजी कनेक्शन लगाने के लिए तुरंत निर्देश जारी किया है. सरकार की तरफ से हर घर तक पाइपलाइन गैस पहुंचाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं.



दिल्ली में पहले से 14 लाख घरों तक PNG पहुंच चुकी है. वहीं सरकार द्वारा अब 4 लाख नए कनेक्शन जोड़ने की योजना बनाई गई है. दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के शहर में चार लाख कनेक्शन जल्द से जल्द देने का अधिकारियों को सोमवार (30 मार्च) को निर्देश दिया।

## ऑपरेशन कवच 13.0, 48 घंटे में किए 283 रेड, 452 गिरफ्तार

### ड्रग्स-हथियार भी बरामद

**नई दिल्ली**

दिल्ली के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में पुलिस ने 'ऑपरेशन कवच 13.0' के तहत 48 घंटे का बड़ा ऑपरेशन चलाकर अपराधियों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की है. ये ऑपरेशन 29 मार्च शाम 6 बजे से शुरू होकर 31 मार्च शाम 6 बजे तक लगातार चलाया गया, जिसमें



पुलिस ने जिले भर में छापेमारी और सख्त चेकिंग की. इस पूरे अभियान में 110 पुलिस टीमों ने हिस्सा लिया और 283 जगहों पर रेड की गई. कार्रवाई के दौरान 452 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि करीब 1930 लोगों को एहतियात के तौर पर हिरासत में लिया गया है. इसके अलावा 469 चालान भी काटे गए.

ऑपरेशन में 14.6 किलो गांजा, हेरोइन और स्मैक बरामद

ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने ड्रग्स तस्करों पर खास फोकस किया है, जिसमें ठउ्धर एक्ट के तहत 37 केस दर्ज किए गए और 59 आरोपियों को पकड़ा गया. इनके पास से करीब 14.6 किलो गांजा, हेरोइन और स्मैक बरामद हुई है. वहीं अवैध शराब के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए गए और 13 केस दर्ज कर 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा 996 क्वार्टर अवैध शराब भी जब्त की गई।

## नियम न मानने पर नष्ट होंगे अंडे

**उत्तर प्रदेश**

**1 अप्रैल** से उत्तर प्रदेश में बिकने वाले अंडों पर भी दवाओं की तरह ही समाप्ति तिथि अंकित होगी। यह बदलाव राज्य सरकार द्वारा अंडा उत्पादकों के लिए अपने उत्पादों पर समाप्ति तिथि अंकित करना अनिवार्य करने के बाद आया है। सरकारी आदेश के अनुसार, नियमों का पालन न करने वाले अंडों को नष्ट किया जा सकता है या अनुपयुक्त घोषित किया जा सकता है। दवाओं के विपरीत, अंडे पर लिखी समाप्ति तिथि को सुरक्षा संबंधी सख्त समय सीमा के बजाय ताजगी के उच्चतम स्तर का संकेत माना जाना चाहिए।



पशुपालन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने कहा था कि अंडा उत्पादकों को प्रत्येक अंडे पर उत्पादन तिथि और समाप्ति तिथि अंकित करनी होगी। अंडे की खुदरा कंपनियां पैकेजिंग पर तिथियां छापती हैं, और कुछ कंपनियां अंडे की गुणवत्ता के बारे में ग्राहकों को जानकारी देने के लिए 'उपयोग की अंतिम तिथि' भी छापती हैं, लेकिन ये तिथियां ट्रे पर लिखी होती हैं, न कि अंडे के छिलके पर।

नए नियम के तहत, अंडा उत्पादकों और वितरकों को प्रत्येक अंडे पर दो विशिष्ट विवरण सीधे अंकित करने होंगेः

- अंडे देने की तिथि
- एक्सपायरी या बेस्ट-बिफोर तिथि

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उत्तर प्रदेश उन पहले राज्यों में से एक है जिन्होंने प्रत्येक अंडे पर तिथि अंकित करना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से अन्य क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा प्रथाओं पर प्रभाव पड़ सकता है।

## देहरादून घटना के बाद एक्शन मोड में सरकार

### सीएम धामी ने पूरे राज्य में शुरू किया ऑपरेशन प्रहार

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ा कदम उठाते हुए पूरे प्रदेश में ह्यऑपरेशन प्रहारह्न चलाने के निर्देश दिए हैं. हाल ही में देहरादून में हुई आपराधिक घटनाओं, खासकर पूर्व ब्रिगेडियर की हत्या के बाद सरकार ने सख्त रुख अपनाया है. राजधानी देहरादून में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए.

कुठालगेट चौकी प्रभारी और उप आबकारी निरीक्षक निलंबित

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा. उन्होंने पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ को निर्देशित किया कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और देर रात तक संचालित हो रहे बार और पब्स पर विशेष निगरानी रखी जाए. साथ ही रोड रेज, फायरिंग और अन्य अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने को भी कहा गया है.



देहरादून में हुई हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने तुरंत कार्रवाई की है. कुठालगेट चौकी प्रभारी अशोक कुमार और उप आबकारी निरीक्षक सोबन सिंह को लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया गया. मुख्यमंत्री ने इसे उदाहरण बताते हुए कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## जनता बीजेपी के अत्याचार का बदला लेगी- अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को गुजरात में भाजपा सरकार पर राजनीतिक दमन का आरोप लगाया। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी और कई एफआईआर दर्ज होने का आरोप लगाते हुए स्थिति को "तानाशाही" बताया। एक्स पर एक पोस्ट में केजरीवाल ने दावा किया कि पिछले तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं के खिलाफ 145 FIR हो चुकी हैं। 160 से ज्यादा कार्यकताओं को बीजेपी सरकार गिरफ़्तार कर चुकी है। बीजेपी गुजरात में हार के डर से आम आदमी पार्टी से बुरी तरह से बौखलायी हुई है। और अब तानाशाही पर उतर आई है। आज हमारे राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया। अब गुजरात का एक-एक शख़्स इनसे बदला लेगा। भाजपा का यह घमंड और अत्याचार गुजरात की जनता ही तोड़ेगी।

ये बयान तब आया जब आम आदमी पार्टी ने एक अलग पोस्ट में कहा कि उसके कार्यकर्ता अपने एक साथी की अवैध गिरफ्तारी के विरोध में पुलिस स्टेशन गए थे,



लेकिन "भाजपा की पुलिस" ने गुजरात इकाई के प्रमुख इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा गुजरात में आप की बढ़ती लोकप्रियता से डरी हुई है। पार्टी के दावों का समर्थन करते हुए केजरीवाल ने कहा कि गढ़वी की गिरफ्तारी राज्य में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के खिलाफ चल रही व्यापक कार्रवाई का हिस्सा है। उन्होंने लिखा, ह्लगुजरात में आम आदमी पार्टी से हार के डर से भाजपा बुरी तरह घबरा गई है। और अब उसने तानाशाही का सहारा लिया है। उन्होंने राजनीतिक प्रतिक्रिया की चेतावनी देते हुए कहा कि गुजरात का हर व्यक्ति बदला लेगा और भाजपा के अहंकार और दमन को जनता चुनौती देगी।

पार्टी के दावों का समर्थन करते हुए केजरीवाल ने कहा कि गढ़वी की गिरफ्तारी राज्य में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के खिलाफ चल रही ।

## अश्विनी वैष्णव ने बताया कैसे बदली रेल की तस्वीर

**नई दिल्ली**

**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय रेलवे के संचालन का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने देश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए पिछले दशक में किए गए निवेशों के लाभों पर जोर दिया। वैष्णव ने बताया कि वित्त वर्ष के दौरान रिकॉर्ड 76,352 विशेष ट्रेनें चलाई गईं, जिनमें से प्रतिदिन 25,000 ट्रेनें रेलवे नेटवर्क पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में रेलवे विकास के लिए रिकॉर्ड बजट आवंटन किया है। रेलवे गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए आवागमन का मुख्य साधन है।



पिछले दशक में किए गए निवेशों का लाभ देश भर के गरीबों और मध्यम वर्ग तक पहुंच रहा है। कल समाप्त हुए वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 76,352 विशेष ट्रेनें चलाई गईं। रेलवे नेटवर्क पर प्रतिदिन 25,000 ट्रेनें चल रही हैं।

रेलवे ने इस वर्ष 1,670 मिलियन मीट्रिक टन माल ढुलाई का रिकॉर्ड भी बनाया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में माल ढुलाई में 3.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## बंगाल चुनाव से पहले 'फॉर्म 6' पर नया बवाल

**पश्चिम बंगाल**

**मतदान** के लिए मात्र 22 दिन शेष हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल के कई जिलों में अशांति जारी है। फॉर्म 6 जमा करने को लेकर झड़पें, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकताओं पर हमले और हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने के कथित प्रयासों ने जमीनी स्तर पर तनाव बढ़ा दिया है। कोलकाता में, आज (1 अप्रैल) फॉर्म 6 आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होने के कारण मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर एक बार फिर भारी अराजकता की आशंका है। अधिकारियों को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कार्यकताओं की भारी लामबंदी का डर है, जिन्होंने कल इसी स्थान पर अशांति फैलाई थी।




मंगलवार (31 मार्च) को, टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच हिंसक झड़पों के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर नाटकीय दृश्य देखने को मिले। इस टकराव ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया, क्योंकि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर स्थिति को भड़काने का आरोप लगाया।

अराजकता की वजह क्या थी?

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मेदिनीपुर का एक व्यक्ति चुनाव आयोग कार्यालय में एक बैग लेकर पहुँचा। टीएमसी कार्यकताओं को संदेह हुआ कि बैग में फॉर्म 6 के भरे हुए आवेदन थे, जिनका उद्देश्य कथित तौर पर टीएमसी समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटवाना था। समूह ने उसे रोका, जबरदस्ती पकड़ लिया और उसके कपड़े भी फाड़ दिए। हालांकि, भाजपा ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि उस व्यक्ति का "पार्टी से कोई संबंध नहीं था" और वह केवल एक आम नागरिक था जो निजी काम से आया था। भाजपा कार्यकताओं ने टीएमसी पर गुंडागर्दी का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। टीएमसी समर्थकों ने भी फॉर्म 6 से संबंधित गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया।

## दफ्तर के बाहर धमाके से सनसनी

### बैटरी फटी या कोई बड़ी साजिश? सीएफएसएल टीम जांच में

**चंडीगढ़**

**चंडीगढ़** में पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर कम तीव्रता का एक संदिग्ध विस्फोट हुआ। यह घटना सेक्टर 37 स्थित कार्यालय के पास पार्किंग क्षेत्र में घटी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि विस्फोट मामूली था। चंडीगढ़ पुलिस घटना की जांच कर रही है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, बैटरी विस्फोट विस्फोट का कारण बताया जा रहा है, हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। चंडीगढ़ के सेक्टर 37 में पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर एक संदिग्ध विस्फोट की आवाज सुनने के बाद सीएफएसएल और चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों की टीमें जांच कर रही हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी विनीत जोशी ने बताया कि शाम करीब 5 बजे यहां धमाका हुआ और काफी धुआं दिखाई दिया। धमाके के बाद अफरा-तफरी का माहौल छा गया। एक स्कूटी और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। यह चिंता का विषय है।




पार्टी कार्यालय के पास धमाका होना चिंताजनक है। पिछले चार दिनों से भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष यहां ठहरे हुए थे और ऐसे समय में धमाका होना गंभीर चिंता का विषय है। केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की एक टीम साक्ष्य जुटाने और स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गई है। वे विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए क्षेत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर रहे हैं।

# कॉन्वेंट के तर्ज पर बेसिक स्कूलों के बढ़ रहे कदम : पद्मजा मिश्रा




लालगोपालगंज में हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली को रवाना करती ईओ पद्मजा मिश्रा व छात्रों को वितरित की जा रही निशुल्क पाठ्य पुस्तकें

● नवीन सत्र के पहले ही दिन छात्र-छात्राओं में वितरित की गई निशुल्क पाठ्य पुस्तकें

● उत्कृष्ट अंक और कामयाब छात्र-छात्राओं ने खुशियों का किया प्रदर्शन।

**लालगोपालगंज।** प्राथमिक विद्यालय लालगोपालगंज द्वितीय में बुधवार को नवीन शैक्षिक सत्र के शुभारंभ के साथ वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी अधिकारी पद्मजा मिश्रा उपस्थित रहीं। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। वहीं कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए यह अवसर भावुक कर देने वाला रहा। जहां एक ओर अच्छे परिणाम की खुशी थी, वहीं विद्यालय से विदा लेने की घड़ी में उनकी आंखें नम भी हो गईं।

मुख्य अतिथि ने नए सत्र के अवसर पर कक्षा 1 से 5 तक के नवप्रवेशी एवं अन्य विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक, गीत, कविता और अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन मदन शुक्ला ने किया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका पूजा मौर्य, आकांक्षा सिंह और प्रमोद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर सुमन वर्मा, सुषमा पांडे, इमरान कलीम, बलबीर सोनी यादव, कैलाश सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

# तूफान से हाईटेंशन तारों में घर्षण चिंगारी से गेहूं की फसल में लगी आग

## ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**सहसों।** क्षेत्र के बेलवा गांव में मंगलवार देर रात आए तेज तूफान ने बड़ा नुकसान कर दिया। तूफान के दौरान हाईटेंशन विद्युत तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी ने खेत में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग फैलने लगी, जिससे किसानों में हड़कंप मच गया।

आग की लपटें गैस एजेंसी के गोदाम के पास तक पहुंच गईं, जिससे एक बड़े हादसे की आशंका पैदा हो गई। हालांकि, गैस एजेंसी के प्रबंधक मिथिलेश कुमार और ग्रामीणों की सूझबूझ व तत्परता से स्थिति को संभाल लिया गया। मिथिलेश कुमार ने तुरंत अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल करते हुए आग बुझाना शुरू किया और शोर मचाकर ग्रामीणों को भी मौके पर बुलाया। साथ ही समरसेबल पंप चलाकर पानी डाला गया, जिससे कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। इसके बावजूद जगदेवपुर बरेठी निवासी कमला प्रसाद विश्वकर्मा, लक्ष्मी शंकर यादव तथा बेलवा गांव के कृष्ण चंद और मिथिलेश कुमार की करीब एक बीघे से अधिक गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल तहसील प्रशासन को दे दी है। गैस एजेंसी प्रबंधक मिथिलेश कुमार ने बताया कि आग गोदाम के ठीक पीछे लगी थी और उसी समय वहां ट्रक से गैस सिलेंडर उतारे जा रहे थे। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि ट्रांसफार्मर हटाने और जर्जर तारों को ठीक कराने के लिए कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में इससे भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# बीआरसी करछना में छात्रों को दी जाने वाली सरकारी किताबें जमीन पर बिखरी मिली



**करछना प्रयागराज।** विकास खंड के बीआरसी कार्यालय में बुधवार को शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई, जहां विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली नई किताबें जमीन पर बिखरी पड़ी रहीं। किताबों के रख-रखाव और समय पर वितरण की कोई व्यवस्था नहीं दिखी, जिससे विभागीय जिम्मेदारी पर सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि सत्र शुरू होने के बावजूद अब तक कई विद्यालयों में किताबें नहीं पहुंच सकी हैं, जिससे छात्र बिना नई पुस्तकों के पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी शैलपति यादव से बात की गई तो उन्होंने अपनी ड्यूटी बाहर होने की बात कहकर अनभिज्ञता जताई।



## कार्यालय ग्राम पंचायत एदिलपुर विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत एदिलपुर विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 03 अप्रैल 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 11 अप्रैल 2026 को दिन में 12:00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**रमेश कुमार मौर्य**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत एदिलपुर**
**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी**

**कुलदीप सिंह**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत एदिलपुर**
**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत छिमिरहा विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत छिमिरछा विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 03 अप्रैल 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 11 अप्रैल 2026 को 2:00 बजे दोपहर उपस्थित फर्मों के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**विमल मौर्या**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत छिमिरछा**
**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी**

**कुलदीप सिंह**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत छिमिरछा**
**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशांबी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मलाक भायल विकासखंड सिराथू जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत मलाक भायल विकासखंड सिराथू जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 03 अप्रैल 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 11 अप्रैल 2026 को 1:00 बजे दोपहर उपस्थित फर्मों के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**रंजीत**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मलाक भायल**
**वि0खं0 सिराथू जनपद कौशांबी**

**बुद्ध प्रकाश**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत मलाक भायल**
**वि0खं0 सिराथू जनपद कौशांबी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत विदनपुर ककोढा विकासखंड सिराथू जनपद कौशाम्बी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत विदनपुर ककोढा विकासखंड सिराथू जनपद कौशाम्बी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 03 अप्रैल 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 11 अप्रैल 2026 को 1:00 बजे दोपहर उपस्थित फर्मों के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**रामकली**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत विदनपुर ककोढा**
**वि0खं0 सिराथू जनपद कौशाम्बी**

**राज मणि**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत विदनपुर ककोढा**
**वि0खं0 सिराथू जनपद कौशाम्बी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत विदनपुर आमद करारी विकासखंड सिराथू जनपद कौशाम्बी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत विदनपुर आमद करारी विकासखंड सिराथू जनपद कौशाम्बी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 03 अप्रैल 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 11 अप्रैल 2026 को 3:00 बजे दोपहर बाद उपस्थित फर्मों के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**मोती लाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत विदनपुर आमद करारी**
**वि0खं0 सिराथू जनपद कौशाम्बी**

**राज मणि**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत विदनपुर आमद करारी**
**वि0खं0 सिराथू जनपद कौशाम्बी**


# इफको के इकाई प्रमुख की पदोन्नति पर अधिकारियो ने दी बधाई



**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई के यूनिट हेड पी के सिंह को वरिष्ठ महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नति मिलने पर इफको आफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को संघ के अध्यक्ष व महामंत्री के नेतृत्व में जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। घियानगर स्थित ऑफिसर्स एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में इफको के अधिकारियों ने यूनिट हेड का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं ह्यशंख ध्वनिह्न के साथ अभिनंदन किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने यूनिट हेड को उनकी पदोन्नति पर बधाई देते हुए उनके सफल नेतृत्व एवं संगठन के विकास में उनके योगदान की सराहना की। सभी ने आशा व्यक्त की कि उनके मार्गदर्शन में इकाई नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। वही वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके सिंह ने सभी के प्रति आभार ब्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इफको आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वम्‍ प्रकाश, अनुराग तिवारी, डीके सिंह, गौतम कुमार, सीबी सिंह, बीपी सिंह, संजय अवस्थी, अपूर्व सक्सेना, जेएस द्विवेदी, पीयूष मेहता सहित इफको के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एनआई एक्ट मामले में आरोपी पर धारा 82 की कार्रवाई, नोटिस तामील

**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम करेहा निवासी अशफीर्लाल विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय रामकृष्ण विश्वकर्मा के विरुद्ध न्यायालय में चल रहे धारा 138 एनआई एक्ट के मुकदमे में कार्रवाई तेज कर दी गई है। न्यायालय के आदेश पर आरोपी के खिलाफ धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा जारी की गई है। पुलिस द्वारा आरोपी के निवास स्थान पर पहुंचकर नोटिस तामील कराई गई और नियमानुसार मुनादी भी कराई गई। इसके तहत आरोपी को निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यदि आरोपी तय समय में पेश नहीं होता है तो उसके विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पिचिंग निर्माण में भारी अनियमितता, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, घटिया सामग्री से हो रहा कार्य

अखंड भारत संदेश

**करछना।** टोंस पम्प नहर प्रखंड के अंतर्गत जारी राजबहा बडहा से पिपरहटा तक कराए जा रहे पिचिंग निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय निवासी रत्नाकर तिवारी ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य पूरी तरह मानकों की अनदेखी कर किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का खुला दुरुपयोग हो रहा है।

तिवारी के अनुसार, निर्माण में टोंस नदी से लाई जा रही मिट्टी मिली बालू का उपयोग किया जा रहा है, जो गुणवत्ता के लिहाज से पूरी तरह अनुपयुक्त है। मानकों के अनुरूप सामग्री न लगाकर ठेकेदार द्वारा सस्ती और घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे नहर की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने आशंका जताई कि इस तरह से किया गया निर्माण कार्य एक वर्ष भी टिक नहीं पाएगा और थोड़े समय में ही ध्वस्त हो सकता है।

आरोप है कि संबंधित जेई की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा है। जेई द्वारा न तो कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है और न ही गुणवत्ता की कोई जांच की जा रही है। इससे ठेकेदार पूरी तरह मनमानी पर उतारू है और नियमों को दरकिनार कर कार्य कराया जा रहा है।



स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा नहरों के सुदृढ़ीकरण के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सरकारी धन की बबार्दी रोकी जा सके और क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ मिल सके।

# सत्रारंभ पर कंपोजिट विद्यालय सुजौना में बच्चों का भव्य स्वागत

## पहले दिन ही बच्चों को मिल गई निःशुल्क पुस्तकें





**पहले दिन ही पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी**

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** कंपोजिट विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में नवीन सत्र के प्रथम दिवस पर बच्चों का भव्य स्वागत किया गया। बच्चों को रोली टीका लगाकर और उन पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।बच्चों से नवीन सत्र आरंभ पर केक कटवाया गया और सभी बच्चों को टॉफियां वितरित की गई। विद्यालय को गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।प्रथम दिन कक्षा एक में पांच बच्चों का नवीन नामांकन हुआ।उन बच्चों को प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय में प्रवेश करने कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा के साथ ही साथ लर्निंग बाय डूइंग की लैब भी पूरी तरह से क्रियाशील है। जिसमें बच्चों को विभिन्न प्रकार का कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उन्होंने शासन द्वारा विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं के विषय में भी अभिभावकों को जानकारी देते हुए बच्चों के प्रवेश कराने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को प्रथम दिवस पर ही विभाग द्वारा प्राप्त निःशुल्क पुस्तकों का वितरण भी कर दिया गया। पहले दिन ही पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रह रही थी। इस अवसर पर विद्यालय के भारतेन्द्र त्रिपाठी, सुनील कुमार शुक्ल, नाज़िया सुल्तान, इरफान अहमद, जितेंद्र कुमार शर्मा, शरद कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, पूनम तिवारी आज उपस्थित रहे।

# रेल विद्युतीकरण में तेजी लाएगी नई दर अनुसूची, प्रयागराज में हुआ विमोचन



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारतीय रेल में आधुनिक कर्षण प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) ने 225 केवी एसी कर्षण प्रणाली के लिए नई दर अनुसूची पुस्तिका तैयार कर उसका औपचारिक विमोचन बुधवार को मुख्यालय प्रयागराज में किया। इस पुस्तिका का विमोचन महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। भारतीय रेल में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी ह्यमिशन गति शक्तिह्न योजना के तहत तेजी से रेल विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है। हालांकि, अब तक एक समान दर अनुसूची न होने के कारण निविदा प्रक्रियाओं में देरी हो रही थी। इसी समस्या को दूर करने के लिए कोर ने व्यापक तकनीकी और वित्तीय समीक्षा के बाद यह नई दर अनुसूची तैयार की है। कोर ने अब तक भारतीय रेल के ब्रॉड गेज नेटवर्क का करीब 70 प्रतिशत विद्युतीकरण किया है, जो उसकी कार्यकुशलता को दशार्ता है। अधिकारियों के अनुसार, नई दर अनुसूची लागू होने से 125 केवी एसी प्रणाली को 225 केवी एसी प्रणाली में अपग्रेड करने वाली परियोजनाओं में तेजी आएगी। साथ ही, पूरे देश में लागत की एकरूपता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। रेलवे के इस कदम को विद्युतीकरण कार्यों में गति लाने और प्रक्रियाओं को अधिक व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# विद्यालय के प्रबंधक को फोन पर मिली धमकी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक विद्यालय प्रबंधक को एक छात्र ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। प्रबंधक ने छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा दयाराम बागी में स्थित विद्यावती डिग्री कालेज के प्रबंधक अभिशान्त पांडेय का आरोप है कि एक छात्र द्वारा फोन पर गलत टिप्पणी करते हुए गलत आचरण कर रहा है आरोप है कि छात्र फोन पर गालियां देते हुए देख लेने की धमकी दे रहा है। प्रबंधक अभिशान्त पांडेय ने मऊआइमा थाना में छात्र शास्वत सिंह पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# श्रीराम को देखकर के जनक नंदिनी, बाग में जा खड़ी की खड़ी रह गयी

अखंड भारत संदेश

**धनूपुर।** देवबरा धाम में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विश्व विख्यात कथावाचक राजन जी महाराज ने इस दिन धनुष भंग और सीता-राम विवाह का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया, कथा सुनने के लिए रोज की तरह हजारों श्रद्धालु पहुंचे। कथा का शुभारंभ राजन जी महाराज ने आरती और भजनों के साथ किया भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा के दौरान राजन जी महाराज ने कहा कि जीवन में जितनी आवश्यकता धन और साधनों की होती है, उतनी ही जरूरत परमार्थ की भी होती है। परमार्थ मिलना जीवन का बड़ा सौभाग्य है। धनुष भंग प्रसंग का जीवंत वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे ऋषि विश्वामित्र भगवान राम और लक्ष्मण को लेकर मिथिला पहुंचे। कई बड़े-बड़े राजा शिव धनुष को हिला तक नहीं पाए, लेकिन गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम ने उसे सहजता से उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही धनुष टूट गया। इस घटना से राजा जनक सहित पूरे जनकपुर में आनंद और उल्लास छा गया। राजन जी महाराज ने कहा कि भगवान राम ने धनुष को केवल तोड़ा नहीं, बल्कि उसका भंजन किया, ताकि अहंकार दोबारा खड़ा न हो सके। उन्होंने बताया कि धनुष भंग अहंकार के अंत और भक्ति व विनम्रता की जीत का प्रतीक है। इससे यह संदेश मिलता है कि ईश्वर की कृपा पाने के लिए बल नहीं, बल्कि शुद्ध हृदय की जरूरत होती है। बताया कि इस प्रसंग में भगवान राम का धैर्य, ब्राह्मण के प्रति सम्मान, तर्क और वीरता का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। सीता-राम विवाह प्रसंग सुनाते हुए राजन जी महाराज ने कहा कि इस दिव्य विवाह को देखने के लिए देवता भी वेश बदलकर जनकपुर पहुंचे थे, श्रीराम ने धनुष तोड़ा, और सीता मां ने प्रभु श्रीराम को वरमाला पहनाई। सुंदर भजनों के साथ विवाह का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और स्वयं को विवाह का साक्षी मानने लगे आरती प्रसाद का वितरण किया गया। कथा संयोजक राधे मोहन पांडेय एवं विकास पांडेय इलाहाबादी ने आज हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर मुख्य अतिथि हास्य व्यंग कलाकार अन्नू अवस्थी, कथा संरक्षक उदयभान करवरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव शुक्ला, अवधेश तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, जगदीश तिवारी, सुरेश पांडेय, राजकुमार शुक्ल, गौरव करवरिया, हरिप्रसाद मिश्र प्रधान, अशोक तिवारी, कल्लू नेता, आयुष श्रीवास्तव, वैभव करवरिया, बालकृष्ण तिवारी, सुरेश पांडेय, अरूण मिश्र, सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



# डाक्टर सुभाष तिवारी की धर्मपत्नी का निधन

**जंघई।** जंघई क्षेत्र के दर्जनों गांव मे सुप्रसिद्ध सेमरहों, बंरावा गांव निवासी डाक्टर सुभाष तिवारी की धर्मपत्नी उषा देवी का कैंसर की लंबी बीमारी के उपरांत शनिवार रात्रि में टाटा हास्पिटल वाराणसी में उपचार के दौरान निधन हो गया। उषा देवी का लंबे समय से कैंसर का इलाज चल रहा था, परिजनों ने देश के विभिन्न अस्पतालों में हर संभव इलाज कराया लेकिन विधि का विधान शनिवार को सांसें थम गई। ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों, रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। निधन की सूचना सुनकर लोग स्तब्ध हो गए, उषा देवी अत्यंत मृद्धाभाषी सामाजिक, मिलनसार व्यक्तित्व की इंसान थीं उनके असामायिक निधन से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शोकाकुल परिजनों में देवेंद्र तिवारी, जनार्दन प्रसाद तिवारी, विजय तिवारी, डा. शत्रुघ्न तिवारी, प्रहलाद तिवारी, अशोक तिवारी, प्रशांत तिवारी, डा. सिद्धांत तिवारी, सुधांशू तिवारी, अमृतांशू तिवारी, विपुल तिवारी, प्रियांशू तिवारी, रितुल तिवारी, शिवांश तिवारी आदि लोग शामिल हैं।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, शिक्षा के प्रति जागरूकता का दिया गया संदेश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय ह्लस्कूल चलो अभियानह्व कार्यक्रम हरि पैलेस सगरा में बड़े उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक जन-जागरूकता अभियान का रूप प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव रहे। इसके अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, परियोजना निदेशक दयाराम यादव, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सह जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लक्ष्मणपुर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्ति एवं उत्साह से भर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एकांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रेरणादायक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान 05 नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकें, बैग एवं स्टेशनरी वितरित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ने का संदेश दिया गया। साथ ही सत्र 2025-26 में सर्वाधिक नामांकन करने वाले 05 विद्यालयों को सम्मानित कर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार के विजन को साकार करने के लिए शत-प्रतिशत नामांकन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, क्योंकि शिक्षा ही उनके उज्लवल भविष्य की कुंजी है। जिलाधिकारी ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक सेवित क्षेत्र में भ्रमण कर नामांकन पंजिका तैयार की जाए तथा अभिभावकों के साथ संवाद के लिए नियमित पीटीएम आयोजित की जाए। कार्यक्रम में जिले के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी, पूर्व एआरपी एवं विभिन्न विकास खंडों के शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश प्रताप सिंह द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। इस दौरान अंकिता सिंह, कल्पना भारती, रूबी, शिवानी सिंह, रुपाली गोस्वामी एवं प्रगति चैरसिया द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेन्द्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, सुशील सिंह, एसआरजी चन्द्रजीत, एसआरजी आशुतोष, पवन सिंह एवं डॉ. आशुतोष सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ह्लस्कूल चलो अभियानह्व को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति व्यापक जन-जागरूकता का आंदोलन है, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है।

## संदिग्ध दशा में लगी आग से अधेड़ झुलसा, गृहस्थी राख

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में लगी आग से अधेड़ झुलस गया। वहीं आगजनी में गृहस्थी के सामान राख हो गये। आगजनी में कई मवेशी भी झुलस गये। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां गांव निवासी पूर्व प्रधान भागीरथी यादव के रिहायशी छप्पर में मंगलवार की रात संदिग्ध दशा में आग लग गयी। इससे उसमें रखे खाद्यान्न व कीमती सामान आदि जलकर नष्ट हो गये। वहीं आग की तेज लपटें बगल स्थित पशुशाला तक पहुंच गयी। जिससे आग की चपेट में आने से दो मवेशी भी झुलस गये। मवेशियों को बचाने में पीड़ित पूर्व प्रधान भागीरथी यादव भी आग की चपेट में आने से झुलस गये। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत



**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का एक और दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां सड़क पार कर रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल अधेड़ को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी सांसे थम गई। धरमपुर गांव निवासी प्रतिभा देवी गौतम ने बुधवार को पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति प्रेमचंद गौतम (50) बीती 29 तारीख की देर रात पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गड़ौरी खुर्द गांव से घर लौट रहे थे। रास्ते में सड़क पार करते समय रानीगंज की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह कई फीट दूर जा गिरे और मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बिना देर किए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन वहां भी हालत में सुधार न होने पर उन्हें स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज भेजा गया। जिंदगी और मौत के बीच कई दिनों तक संघर्ष करने के बाद बुधवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर कोई अंकुश नहीं है, जिससे आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। इस संबंध में उप निरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। अज्ञात वाहन की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रामनवमी-हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**पट्टी।** विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत एवं बजरंग दल के तत्वावधान में रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल के जिला संयोजक विकास सिंह ने किया। शोभायात्रा रामगंज बाजार से शुरू हुई, जो दाउदपुर नहर तिराहा होते हुए ढकवा बाजार पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में आकर्षक रथ और डीजे की धुन पर भक्ति गीतों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। ह्लजय श्रीरामह्व और ह्लजय बजरंगबलीह्व के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। भगवा ध्वजों और धार्मिक झांकियों से सजी यह यात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। युवा, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल होकर आस्था का प्रदर्शन करते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राकेश चैरसिया के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी। आयोजकों के अनुसार, इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा मिलता है।

### चार जिंदा देसी बम के साथ आरोपी को दबोचा




**पट्टी।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पट्टी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। धोखाधड़ी और जबरन वसूली के मामले में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस ने 4 जिंदा देसी बम और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। मामले के अनुसार, कोहड़ौर थाना क्षेत्र के कोडरी चंदुआडीह गांव निवासी संजय शुक्ला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि 30 मार्च 2026 को कुलदीप निवासी बाभनपुर, जौनपुर और अजीत निवासी रामपुर खागल, थाना पट्टी ने धोखाधड़ी कर उनसे 50 हजार रुपये ठग लिए। आरोप है कि आरोपियों ने नोटों का बंडल दिखाकर देखने नहीं दिया और बाद में 1 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करते हुए वादी के पुत्र को गोली मारने की धमकी दी। इस मामले में थाना पट्टी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आनंद पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। उपनिरीक्षक अनीश कुमार यादव मय हमराह पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर देनवा दुबौली जंगल के पास घेराबंदी कर आरोपी अजीत (24) को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 4 जिंदा देसी बम और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामद विस्फोटक सामग्री के आधार पर आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि बरामद मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। इलाके में इस कार्रवाई के बाद अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### श्रीमदभागवत कथा श्रवण मात्र से मानव का हो जाता है उद्धार : पं प्रियब्रत शास्त्री




**कुंडा।** बाबागंज क्षेत्र के बूढे बाबा धाम मे चल रही श्रीमदभागवत कथा के छठवे दिन वृंदावन धाम से पधारे ज्ञानानंद महराज के कृपापात्र शिष्य पं प्रियव्रत शास्त्री ने गोकुल से श्रीकृष्ण भगवान के मथुरा प्रस्थान तथा कृष्ण गोपी विक्षोह की कथा सुनाते हुए कुब्जा श्रृंगार, कंस वध, तथा रुक्मिणी विवाह की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भक्ति के भाव मे बंधे भगवान भक्त का उद्धार करने स्वयं दौड़े चले आते है। कथा के दौरान ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर सोहाग सुनील कुमार द्विवेदी पप्पू ने ब्यास पीठ पर विराजमान सभी संतो को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस दौरान पूज्य गुरु भास्कर पाल, अमर कुमार तिवारी, शशिकुमार द्विवेदी, राजेश कुमार द्विवेदी, रामलौटन शुक्ला,विनोद उपाध्याय, बृजेश चंद्र उपाध्याय, लालजी उपाध्याय, चंदन शुक्ला,दीपक भेड़ी, आशीष दुबे, पंकज यादव, अनुज शुक्ला, इंद्रेश, सत्यम, समेत सैकड़ो भक्तगण मौजूद रहे।

## डंफर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मुजाहीवीद गांव निवासी अनिल कुमार गौतम और अमृतलाल गौतम मोबाइल टावर पर काम करते हैं। मंगलवार की रात दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे महरूपुर गेट के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 108 एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर राकेश कुमार ने बताया कि दोनों घायल देर रात अस्पताल लाए गए थे और उनकी हालत काफी गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल दोनों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# महिला एवं बाल चिकित्सालय के जरिए रामपुरखास में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी बुनियादी मजबूती : मोना

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बुधवार को स्वयं तथा सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से लालगंज में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजनान्तर्गत सात करोड़ सैंतालिस लाख की लागत से नव निर्मित महिला एवं बाल चिकित्सालय की क्षेत्रवासियों को सौगात सौंपी। पचास शैय्याओं के महिला एवं बाल चिकित्सालय में विधायक मोना की मौजूदगी में ओपीडी सेवा का भी शुभारंभ हुआ। स्वास्थ्य सेवा की आवश्यक सेवा की सौगात पाकर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं में खुशी भी देखी गयी। अस्पताल भवन के सामने आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि जिले में पचास बेड के इस पहले अस्पताल के संचालन से अब यहां प्रसव पूर्व जांच, परामर्श, महिलाओं के खून की जांच, नार्मल एवं सिजेरियन डिलेवरी सुविधा के साथ बच्चों के लिए एनआईसीयू व बेंटीलेटर एवं ब्लड बैंक की सुविधा मिल सकेगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ट्रामा सेण्टर, ऑक्सीजन प्लांट और अब महिला एवं बाल चिकित्सालय के संचालन से लोगों की जीवनरेखा को सुरक्षित बनाए रखने में बेहतर मदद मिल सकेगी। इसके पहले विधायक मोना ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य अस्पताल भवन का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार गरिमा वर्मा व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 श्याम भार्गव व ईओ इन्द्र प्रताप ने भी स्वास्थ्य से जुडी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने यहां संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारियां प्रदान की। विधायक पुत्र राघव मिश्र ने स्वागत भाषण में जन सहयोग का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महिला रोग विशेषज्ञ डा0 किरन सिंह व डा0 प्रीतिका श्रीवास्तव एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा0 ओमप्रकाश को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया। समारोह को संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डा0 वकील अहमद, डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री, डॉ0 डीपी ओझा, डॉ0 राजकुमार पाण्डेय, डॉ0 ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, प्रकाशचंद्र मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, उदयशंकर दुबे, शत्रुघ्न शुक्ल ने संबोधित करते हुए उपलब्धि के लिए सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना को क्षेत्रीय लोगों की ओर से आभार जताया। वहीं विधायक मोना ने लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई भी की। कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठन सृजन अभियान की समीक्षा किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन कर विधायक मोना ने लोकमंगल की प्रार्थना की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, विनय शुक्ल, पवन शुक्ल, कमला प्रसाद जायसवाल, सर्वेश त्रिपाठी, पप्पू तिवारी, सभासद सोनू शुक्ल, अनुराग पाण्डेय, दारा सिंह, शेरू खां, जावेद खान, धर्मपाल गौतम, दीपक मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, हरिश्चंद्र पाण्डेय, रामलोचन त्रिपाठी, रामचंद्र त्रिपाठी, अशोक सिंह, विपिन शुक्ल, छोटेलाल सरोज, भुवनेश्वर शुक्ल, राकेश चतुवेर्दी, रवीन्द्र मिश्र, सुनील त्रिपाठी, संजय द्विवेदी, बृजेश द्विवेदी, राजू पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, आशीष तिवारी, रामू मिश्र, संजय सिंह, त्रिभु तिवारी, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ल, प्रियम मिश्र, सिंटू मिश्र, शास्त्री सौरभ, संतोष पाण्डेय, कमलेश शर्मा, नरेन्द्र तिवारी आदि रहे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का हुआ शुभारम्भ




**प्रतापगढ़।** जनपद में 01 से 30 अप्रैल तक संचालित किये जाने वाले विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किये जाने वाले दस्तक अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से रैली निकाल कर किया गया है। रैली से पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद द्वारा सभी उपस्थित लोगों को संचारी रोगों के खिलाफ लड़ाई में सहभागिता के लिये शपथ दिलाई गई, जिसके द्वारा अपने घर व आस-पास साफ-सफाई रखने, जल जमाव न होने देने तथा बुखार के लक्षण वाले मरीजों को शीघ्र अतिशीघ्र पास के सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिये प्रेरित किया गया। इसके उपरान्त रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ढोल ताशे वा लाउडस्पीकर के माध्यम से रैली में शामिल लोग नारे लगाते हुये लोगों को जागरूक करते हुये घण्टाघर चैक तक गये। रैली में शामिल लोग ह्लप्रतापगढ़ ने ठाना है, संचारी रोग मिटाना हैह्व, ह्लकचरा कचरेदानी में, सोये मच्छरदानी में, ह्लजीवन को नव मोड़ दो, गंदगी करना छोड़ दो तथा ह्लहर रविवार मच्छर पर वार आदि जैसे नारों के माध्यम से लोगों को अपने आस-पास साफ सफाई रखते हुये स्वच्छता का व्यवहार अपनाते हुये बीमारियों से बचने के लिये प्रेरित कर रहे थे। संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत नगर विकास विभाग, पंचायतीराज विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आई०सी०डी०एस० विभाग एवं उद्यान विभाग सभी स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर लोगों को स्वच्छता का व्यवहार अपनाते हुये बीमारियों से बचाव के लिये जागरूक करेगें। दस्तक अभियान के अन्तर्गत आशा कार्यकत्री व आंगनवाड़ी कार्यकत्री एक साथ मिलकर 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक जनपद के सभी घरों में दस्तक देकर लोगों को स्वच्छता का संदेश प्रसारित करेंगी तथा बीमारियों से बचने के लिये जागरूक करेंगी। इसके साथ-साथ विभिन्न बीमारियों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची को ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करते हुये उन्हे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करेंगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण, आशा व ए०एन०एम० उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**कुंडा।** संग्रामगढ़ थाना के चैरंग भट्ट का पुरवा निवासी विनोद कुमार मिश्रा की 19 वर्षीय पुत्री साक्षी मिश्रा मंगलवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने गई थी। बुधवार की सुबह वह कमरे में मृत पाई गई.। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार मृतका दो-चार दिन से बुखार से पीड़ित थी। बुधवार की सुबह परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए मानिकपुर लेकर चले गये। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संग्रामगढ मनोज तोमर ने बताया कि ऐसी किसी घटना की जानकारी पुलिस को नहीं है अफवाह सुनकर क्षेत्रीय दरोगा को मौके पर भेजा गया था लेकिन परिजन शव लेकर परिजन अंतिम संस्कार के लिए चले गये थे।

## धूमधाम से निकाली गयी कलश शोभा यात्रा



**प्रतापगढ़।** समापुर में श्रीमदभागवत कथा को लेकर बुधवार को धूमधाम से कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। गाजे बाजे के बीच निकाली गयी शोभा यात्रा में सिर पर आस्था का कलश लिये सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। कथाव्यास सर्वेशपति त्रिपाठी की अगुवाई में निकाली गयी भगवान श्रीवासुदेव की शोभा यात्रा कथा स्थल से आरम्भ होकर पूरे कैथन, धमनी, पूरे शिवबक्श, पूरे दत्ता, बाबूगंज बाजार आदि जगहों पर भ्रमण करते हुए धर्म की मजबूती का संदेश दिया। कथा के दौरान भक्ति गीतों पर महिला पुरूष श्रद्धालु नृत्य करते राधाकृष्ण की भक्ति में रमे नजर आये। वहीं कलश यात्रा में जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर मंगलकामना की। मुख्य आयोजक कोटेदार रामप्रकाश मिश्र व शशी मिश्रा ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर राजाराम मिश्र, बच्चा मिश्र, शिवकुमार जायसवाल, छोटे मिश्र, गिरधारी लाल वर्मा, पिंटू मिश्र, मोतीलाल, फूलचंद्र वर्मा, मुरलीधर तिवारी, रिंकू मिश्र, मोनू तिवारी, घनश्याम मिश्र, तूफान शुक्ल, राजेश शुक्ल, सुरेश जायसवाल, हरकेश कोरी आदि मौजूद रहे।

## एचटी लाइन पर आम का पेड़ गिरने से 6 घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति



**पट्टी।** स्थानीय क्षेत्र में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब पट्टी ब्लॉक के समीप एक आम का पेड़ अचानक टूटकर हाईटेंशन (एचटी) बिजली लाइन पर गिर पड़ा। पेड़ गिरने से विद्युत तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

घटना के बाद करीब 6 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे भीषण गर्मी के बीच लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों में पंखे और कूलर बंद हो जाने से जहां आमजन बेहाल रहे, वहीं दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों को भी नुकसान उठाना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, पेड़ गिरने की सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी गई, लेकिन मरम्मत कार्य में देरी होने के कारण आपूर्ति बहाल होने में काफी समय लग गया। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को हटाकर क्षतिग्रस्त लाइन को दुरुस्त किया, जिसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

## सिपाही की तहरीर पर आठ के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**लालगंज।** सिपाही की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली मे तैनात सिपाही अजीत कुमार को बीती इक्तीस मार्च को पूरे खरगू कैथौला में रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट की सूचना मिली। जांच में एक पक्ष के कृपाशंकर तिवारी, बृजेश तिवारी पुत्रगण लालता तिवारी व पुष्पा पत्नी कृपाशंकर, माधुरी पत्नी बृजेश, गुड़िया पुत्री बृजेश तथा दूसरे पक्ष की आशा शुक्ला पत्नी स्व. रामलखन शुक्ल, आरती पुत्री स्व0 रामपाल, कौशल पुत्र रामलखन के बीच गालीगलौज मारपीट व धमकी की बात सही पायी गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### खेत में सिगरेट फेंकने पर मां बेटों को पीटा, रेफर

**बेलखरनाथ धाम।** कंधई थाना क्षेत्र के नरसिंह पुर निवासी विनोद कुमार रजक अपने घर के पास गेहूं बोया है, मंगलवार रात 8 बजे गांव के ही आठ दस युवक सिगरेट पीकर गेहूं के खेत में फेंक दिया, इसी बात को लेकर विनोद कुमार के बेटे अनूप रजक ने खेत में सिगरेट फेंकने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने मिलकर बेल्ट लोहे के पंच डंडा से दो बेटे व मां को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हल्ला गुहार पर आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग गये। हमले में अनूप रजक (16), अनुज (14) रुपा रजक (38) बुरी तरह घायल हो गये । मामले की जानकारी चैकी पुलिस दीवानगंज के साथ डायल 112 को दी गई, मौके पर पहुंचे चैकी प्रभारी दीवानगंज दीपक कुमार ने तीनों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखरनाथ धाम भेजा, जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मंगलवार रात हुई घटना से आसपास के लोगों में दहशत बना हुआ है। थानाध्यक्ष कंधई आदित्य सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जायेगी ।

### घर में घुसकर महिला को पीटा

**बेलखरनाथ धाम।** कंधई थाना क्षेत्र के ताला निवासी मोहम्मद नफीस की पत्नी उम्मातुल निशा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की दोपहर 3 बजे छोटी सी बात को लेकर गांव की चार महिलाएं घर अंदर घुसकर गाली देते हुए लाठी डंडे से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया तथा गृहस्थी का सामान तोड़कर नष्ट कर जान से मारने की धमकी दी । घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखरनाथ धाम भेजा गया, मंगलवार की देर शाम महिला की तहरीर पर पुलिस ने ताला गांव की आमीना खातून,नूरुल निशा,सबरुन निशा, अल्फिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य नौ कुण्डीय महायज्ञ में हुई लोकमंगल की प्रार्थना



**लालगंज।** नगर स्थित कमला नेहरू बालिका विद्यालय में बुधवार को नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में लोकमंगल की प्रार्थना को लेकर सामूहिक हवन पूजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी एवं प्रबन्धक डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा व प्रधानाचार्या शोभा श्रीवास्तव ने मां गायत्री व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। गायत्री परिवार की ओर से वेदी पूजन व हवन में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आहुति देकर लोक कल्याण की प्रार्थना भी किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना पुत्र राघव के साथ शामिल हुई। यहां विद्यालय प्रबन्ध समिति की ओर से विधायक आराधना मिश्रा को श्रीफल व चुनरी व मान पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य सत्येन्द्र श्रीवास्तव व प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार एवं माधुरी ओझा, डॉ0 नीलम ओझा, डॉ0 पूजा, डॉ0 वर्तिका, सुनीता मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। संचालन डॉ0 अंजनी अमोघ व स्वागत गायत्री परिवार की ओर से डॉ0 वीरेश सिंह ने किया। गायत्री परिवार के राजेश मिश्र व जयप्रकाश, राजेश पाण्डेय ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को जागरूकता प्रदान की। विद्यालय की छात्राओं ने वैदिक मंत्रों व भजन संकीर्तन से महायज्ञ में नैतिक वचनों के पालन का सामूहिक संकल्प ग्रहण किया। इस मौके पर डॉ0 डीपी ओझा, इं0 जितेन्द्र त्रिपाठी, इं. सिद्धार्थ त्रिपाठी, नरेन्द्र त्रिपाठी, इं. सुनील पाण्डेय, घनश्याम मौर्या, कीर्ति पाण्डेय, राघवेन्द्र तिवारी, बीएन तिवारी, श्वेता शुक्ला, सलमा खातून, सीमा, कुसुम यादव, उषा शुक्ला, संतोष ओझा, सुभाष वर्मा, पवन कुमार, शैलेन्द्र श्रीवास्तव आदि रहे।

# नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक ने किया एसपी कार्यालय का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने जिले में कार्यभार ग्रहण कर लिया है उसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया और पूरी व्यवस्थाओं की जानकारी ली निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित प्रकरणों के निस्तारण एवं कार्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों कमर्चारियों को समयबद्ध, पारदशी एवं जनहित कारी कार्यप्रणाली अपनाने हेतु निर्देशित किया तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।




## चार्ज लेते ही एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना

**कौशांबी।** जिले का कार्यभार दिनांक 01.04.2026 को ग्रहण करते ही पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने पुलिस कार्यालय में मौजूद आमजन की समस्याएं सुनी जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत द्वारा आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु अधीनस्थों को निर्देशित किया जनसुनवाई के आयोजन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

## संयुक्त जिला चिकित्सालय में सुबह 8:00 बजे से शुरू होगा इलाज

**कौशांबी** संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में इलाज का समय 2 अप्रैल से बदल गया है मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिओम सिंह ने बताया है कि मेडिकल कॉलेज में ओपीडी का संचालन सुबह 8:00 बजे शुरू होगा और 2:00 बजे तक चलेगा और चिकित्सा महा विद्यालय का कार्य 8:00 बजे सुबह से 4:00 बजे शाम तक चलेगा उन्होंने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक सहित समस्त स्टाफ को ड्रेस कोड के साथ नेम प्लेट लगाकर समय से ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से 45 वर्षीय हीरालाल घायल

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर पुलिस चौकी टेढ़ी मोड़ के पास सर्विस रोड पार करते समय बुधवार की सुबह लगभग 7 बजे हीरालाल उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र स्वगीय राम सजीवन सरोज निवासी ग्राम बमरौली थाना कोखराज को किसी तेज गति वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे हीरालाल सरोज जमीन पर गिर पड़े हैं और गंभीर घायल हो गए हैं घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार हीरा लाल सरोज ज्योतिबा राव विद्यालय सोरव प्रयागराज मे कंप्यूटर बाबू के पद पर कार्यरत है और वह टेढ़ी मोड़ के पास बस पकड़ने के लिए हाईवे क्रॉस कर रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन द्वारा उन्हें टक्कर मार दिया गया जिससे उनके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई हैं सूचना पर घर वाले मौके पर तत्काल आ गए अपने प्राइवेट वाहन से घायल हीरा लाल सरोज को इलाज हेतु नारायण स्वरूप हॉस्पिटल प्रयागराज ले गए हैं।

# दो करोड रुपए महीने यात्री किराया बढ़ाने के लिए रोडवेज के भी अधिकारी नहीं हैं गंभीर

**एआरटीओ की कृपा से भरवारी मूरतगंज प्रयागराज की सड़कों पर बिना परमिट के दौड़ रही तीन दर्जन डग्गामार बस, सात लाख रुपए प्रतिदिन वसूलते हैं यात्रियों से किराया रोडवेज परिवहन निगम को प्राइवेट बस संचालक लगाते हैं चपत**

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में खुलेआम अवैध तरीके से तीन दर्जन डग्गामार बस मूरतगंज भरवारी होते हुए इलाहाबाद के लिए प्रतिदिन रवाना होती है बिना परमिट की बसों के संचालन के लिए इन्हें बस अड्डा भी निर्धारित कर दिया गया है।

इन डग्गामार बसों के पास इलाहाबाद रोड पर सवारी भरकर ले जाने का परमिट नहीं है। लेकिन उसके बाद एआरटीओ की कृपा पात्र से तीन दर्जन डग्गामार बस सड़कों पर सवारी लेकर दौड़ रही है जो प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही हैं बिना परमिट की सड़कों पर दौड़ने वाली तीन दर्जन बसों पर ए आरटीओ की मेहरबानी के साथ-साथ रास्ते में पड़ने वाले संपूर्ण थाना पुलिस की और यातायात पुलिस की भी बड़ी मेहरबानी बनी है बिना परमिट की बस के संचालन के बहाने वसूली की भी बात सामने आ रही है।

योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की बात करती है लेकिन तीन दर्जन डग्गामार बसों के जनपद मुख्यालय में जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नाक के नीचे से संचालन ने पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है अवैध तरीके से प्राइवेट बसों के संचालन के बाद परिवहन निगम को यात्री के किराए का बड़ा नुकसान हो रहा है सूत्रों की माने तो तीन दर्जन डग्गामार बसों में 7 लाख रुपए से अधिक किराया प्रतिदिन वसूला जाता है यदि प्राइवेट बसों का संचालन बंद हो जाए तो यही सात लाख रुपए प्रतिदिन किराए की आमदनी रोडवेज विभाग की बढ़ सकती है दो करोड रुपए महीने यात्री किराया बढ़ाने के लिए रोडवेज के भी अधिकारी गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिसका लाभ प्राइवेट बस संचालक नियम विरुद्ध तरीके से उठा रहे हैं यात्रियों से अभद्रता करना और अधिक किराए की वसूली करना इन प्राइवेट बस चालकों और परिचालकों की आदत में शामिल हो चुका है। अधिक किराया वसूली को लेकर चालक परिचालक का यात्रियों से रोज झगड़ा होता हैं अवैध तरीके से सड़कों पर चलने वाले इन बस के परिचालकों का आरटीओ विभाग में पंजीकरण भी नहीं हुआ है फिर भी यह खुलेआम किराए के नाम पर वसूली करते हैं जिससे पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा है आखिर बिना परमिट के सड़कों पर दौड़ने वाली इन बसों पर कब कार्यवाही होगी आम जनता अधिकारियों नेताओं और सरकार से सवाल पूछ रही है।

## डीएम ने नोडल अधिकारियों से गौ-आश्रय स्थलों का कराया आकस्मिक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने जनपद कौशाम्बी के गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित/बेसहारा गोवंशो की देख-भाल एवं गौ-आश्रय स्थलों के संचालन की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए नोडल अधिकारी नामित किया है जिलाधिकारी ने आज गौ-आश्रय स्थलवार नामित नोडल अधिकारियों से गौ-आश्रय स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण कराया। उन्होंने नोडल अधिकारियों को गो-आश्रय स्थल में ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत गौशालाओं में समुचित व्यवस्था,गोवंशों की ईयर टैंगिंग, सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता, भूसा-चारा की उपलब्धता, बाउण्ड्रीवाल की स्थिति,पेयजल की उपलब्धता एवं सहभागिता योजना के अन्तर्गत सुपुदगी में दिए गए गोवंशो की स्थिति आदि की जॉच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशि किया कि नोडल अधिकारियो द्वारा गो-आश्रय स्थल के निरीक्षण में कमी पाई जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय कर तत्काल कमियों को ठीक कराना सुनिश्चित करें।

# संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जन-जागरूकता रैली को सीडीओ ने दिखाई हरी झण्डी

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने बुधवार को संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जन-जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंझनपुर तक निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी मंझनपुर डॉ0 नीरज कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 अनुपमा मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे। जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा,जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जाएगा स्वस्थ्य व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है।मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें, मच्छर रोधी उपाय अपनाने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें,घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को सप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढ़ों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जलजमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाडे. घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने, चूहे-छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने आदि के प्रति जागरूक किया जायेगा।

# स्कूल चलो अभियान 2026-27 का भव्य शुभारंभ नामांकन बढ़ाने पर जोर

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित स्कूल चलो अभियान 2026-27 जन-जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर भव्य शुभारंभ किया।जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ.कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा उन्हें निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि यदि वे अपने बच्चों से प्यार करते हैं,तो उन्हें शिक्षा का अधिकार अवश्य दिलाएं। सरकार द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को अनेक निःशुल्क सुविधाएं दी जा रही हैं, जिनमें मुफ्त किताबें,




यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्कूल बैग, मध्याह्न भोजन,स्वच्छ पेयजल, स्मार्ट क्लास और प्रशिक्षित शिक्षक शामिल हैं। शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। घर-घर संपर्क कर अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा,ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। साथ ही विद्यालयों में बेहतर वातावरण, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को आकर्षित करने पर भी जोर दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने0 अभिभावकों से अपील की कि अपने नजदीकी परिषदीय विद्यालय में बच्चों का प्रवेश कराकर, उनके उज्जवल भविष्य की नींव रखें।

## खेत के फसल जलने की जांच करने पहुंचे अधिकारी

**करारी कौशांबी** करारी थाना क्षेत्र के अडहरा गांव के किसान रामदेव पुत्र तुले,अमृतलाल पुत्र तुले व नोखू लाल मौर्य वा अन्य किसानों के खेत में खड़ी फसल में 11000 हाईवोल्टेज करंट की तार से चिंगारी फेंकने से कारण खेत में आग लग गई जिसमें लगभग पांच बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई खेत की फसल जलने के बाद मौके पर राजस्व विभाग पहुंचा था और जांच पड़ताल कर वापस लौट आया है आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान बताया जाता है।

## वारण्टी अभियुक्त को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 97/2023 धारा 60 आवकारी अधिनियम थाना कोखराज से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त हनुमान सरोज पुत्र रामसुरेमन निवासी सिंधिया थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मंझनपुर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा परेड की सलामी से कार्यक्रम की शुरुआत की गई उसके बाद गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर ईश्वर की प्रार्थना की गई उसके बाद विद्यालय के प्रबंधक बीएल केसरवानी के परिवार के साथ गणेश आरती से कार्यक्रम की शुरुआत हुई उसके बाद विद्यालय के छोटे-छोटे होनहार विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना गणेश वंदना स्वागत गीत का कार्यक्रम उपस्थित लोगों के सामने प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया गया है प्रबंधक बीएल केसरवानी द्वारा अतिथियों पूर्व अध्यक्ष नरेश चंद्र केसरवानी वा चंद्र दत्त शुक्ला को




बैज अलंकरण माल्यार्पण एवं स्वागत आभार व्यक्त किया गया है वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के छोटे-छोटे होनहार बच्चों के द्वारा राष्ट्रीय गीत होली सॉन्ग कव्वाली हनुमान चालीसा नशा मुक्ति उन्मूलन शिक्षा पर गीत शिव तांडव नौ देवियों का स्वरूप सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम बड़े ही मनमोहक तरीके से प्रस्तुत किए गए हैं जिसकी लोगों ने सराहना की है एकांकी रानी लक्ष्मीबाई वा एकांकी सरदार भगत सिंह देशभक्ति कृष्ण भक्ति सामाजिक धार्मिक शिक्षा परख उद्देश्य पूर्ण प्रस्तुतियां विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया है जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की है इसके अलावा सीनियर प्रोजेक्ट का प्रोग्राम विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल हुआ है इस कार्यक्रम ने विद्यालय के वार्षिक उत्सव की शोभा बढ़ा दी है सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले टॉप 10 पोजीशन लाने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र ट्रॉफी के साथ विद्यालय के प्रबंधक द्वारा पुरुस्कृत किया गया है कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के प्रबंधन बीएल केसरवानी ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है तथा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के कार्यों की सराहना की है कार्यक्रम के दौरान एस केशरवानी ऋतिक केशरवानी दिव्यांशी शुक्ला कृष केशरवानी केशव कौशल आकांक्षा संदीप कुमार रूमी आरपी सपना प्रीति रोशनी रूबी सीमा तान्या माही अना कात्यानी आया आदि लोग उपस्थित हैं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक शिवलाल केसकर के द्वारा बेहतर तरीके से किया गया है।

# विवाहिता महिला ने युवक से बनाए संबंध वसूली रकम फिर भिजवा दिया जेल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शादीशुदा महिला ने अपने पति को धोखा देकर पहले प्रेमी के साथ दिल लगाया रंगरेलियां मनाया और जब पति को मामले की जानकारी हुई तो अपने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर जेल भिजवा दिया है सवाल उठता है कि जब महिला पहले से विवाहित थी तो उसे शादी का झांसा कैसे दिया गया है यह तो उल्टी कहानी सिद्ध हो रही है कि युवक को महिला ने खुद फसाया है और उसके साथ संबंध बनाया संबंध बनाने के बाद युवक से धन भी वसूल लिया और उसके बाद उसे जेल भिजवा दिया है इस ब्लैकमेलिंग के धंधे की निष्पक्ष जांच करने के बजाय महिला की शिकायत पर पुलिस ने बिना निष्पक्ष जांच किया युवक पर कार्यवाही कर दी है जिससे सैनी कोतवाली पुलिस के कार्यों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं सैनी कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने 26 मार्च को थाना में सूचना दिया कि अभियुक्त जगदीश पटेल मेरे घर में आकर मेरे साथ छेड़खानी करने लगा शोर मचाने पर वह भाग गया जब मेरे पति इस बारे में उससे पूछने गए तो वह जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा सैनी कोतवाली पर मु0अ0सं0 104/2026 धारा 333/74/351(3) बीएनएस व 3(2)5ए/3(1)ध एससी एसटी एक्ट अभियोग पंजीकृत हुआ पीड़िता के बयान के आधार पर धारा 69/115(2) बीएनएस की बढ़ोतरी हुई उपरोक्त क्रम में दिनांक 01.04.2026 को थाना सैनी पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जगदीश पटेल पुत्र ननका उर्फ शिव शंकर पटेल निवासी मलाक निंदूरा थाना सैनी को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया पति के होते हुए दूसरे पुरुष से शारीरिक संबंध बनाकर धन वसूली करने वाली महिला के कार्यों के बाद बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर इस तरह की महिलाएं यदि शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का मुकदमा दर्ज करवा रही थी तो क्या पुलिस की विवेचना शून्य हो गई थी।

## सैनी कोतवाली पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत सभागार कक्ष,विकास खंड सिराथू में 01 अप्रेल को सैनी पुलिस टीम द्वारा साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड,फजी कॉल मैसेज, ओटीपी शेयर न करने,सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही आमजन को बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें एवं नजदीकी थाना साइबर सेल से संपर्क करें।उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए सतर्क रहने एवं दूसरों को भी जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से फादिलाबाद गांव का 63 '५' ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**करारी कौशांबी** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के आर्का फतेहपुर पावर हाउस से विद्युत सप्लाई के लिए लगाया गया ट्रांसफार्मर मंगलवार की रात आकाशीय बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया है बताया जाता है कि फादिलाबाद गांव का 63 '५' ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई है गांव के लोगों ने मामले की जानकारी विभाग की अधिकारियों को दी है विद्युत सप्लाई बाधित होने से गांव के लोग परेशान हैं पूरे दिन बीत जाने के बाद खराब हुआ ट्रांसफार्मर को विभाग ने नहीं बनाया है।

# ग्राम मलाक रेजमा में चौपाल लगाकर चकबन्दी वादों का किया निस्तारण

**कौशांबी।** उप जिलाधिकारी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में ग्राम मलाक रेजमा परगना कड़ा तहसील सिराथू के पंचायत भवन में चौपाल का आयोजन किया गया,जिसमें सहायक चकबन्दी अधिकारी सिराथू एवं चकबन्दीकर्ता एवं चकबन्दी लेखपाल, ग्राम प्रधान, चकबन्दी समिति के सदस्यगण एवं कृषकगण उपस्थित रहें ग्राम मलाक रेजमा का उ0प्र0 चकबन्दी अधिनियम की धारा-4 की विज्ञप्ति का प्रकाशन दिनांक 09.04.2016 को हुआ। ग्राम में तरमीम व पड़ताल करने के पश्चात धारा-9 का प्रकाशन 30.05.2025 को हुआ, आकार पत्र 4 में ग्राम में कुल वाद 896 सृजित हुए जिनमें से सहायक चकबन्दी अधिकारी के द्वारा समझौते के आधार पर कुल 204 वादो का निस्तारण किया गया एवं शेष 692 वाद चकबन्दी अधिकारी न्यायालय को प्रेषित किया गया। कुल प्रेषित वादों में से 610 वादों का निस्तारण कर दिया गया है शेष 82 वादों का शीघ्र निस्तारण कर दिया जाएग ग्राम चौपाल में कृषकों को चकबन्दी प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं इनके लाभों के बारे में बताया गया। कृषकों द्वारा चकबन्दी के दौरान आने वाली समस्याओं को उठाया गया,जिनका मौके पर संतोषजनक ढंग से निस्तारण किया गया। कृषकों की सभी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को सुनकर उनका निस्तारण किया गया। कृषकगणों द्वारा चकबन्दी प्रक्रिया के संबंध में संतोष व्यक्त किया एवं पारदशी तथा त्वरित रूप से ग्राम की चकबन्दी को निपटाने की बात रखी गई। मौके पर उपस्थित सहायक चकबन्दी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम में समय-समय पर उपस्थित होकर ग्राम के लोगो की समस्याओं का निस्तारण करें एवं ग्राम की चकबन्दी प्रक्रिया में आगे की कार्यवाही शीघ्र किया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपस्थित चकबन्दीकर्ता एवं चकबन्दी लेखपाल को निर्देशित किया गया कि ग्राम समाज की भूमि को अनिवार्य रूप हो चिन्हित किया जाए एवं यदि कोई अतिक्रमण पाया जाए तो तुरन्त उसे खाली कराया जाए।

# गंगा नदी के करेंटी पुल पर शहजादपुर की पुलिस वाहनों से करती है वसूली

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड शहजादपुर चौकी पुलिस गंगा नदी के करेंटी पुल पर ड्यूटी के दौरान वाहन चालकों की जांच पड़ताल करती है और वाहन चालकों को बड़ा जुर्माना लगाने की धमकी देकर वाहन चालकों से बड़ी वसूली करती है ड्यूटी पर लगे दो पुलिस कर्मियों द्वारा पूरे दिन वसूली की जाती है जिससे गंगा नदी के करेंटी पुल से गुजरने वाले वाहन चालक परेशान हो गए हैं वाहन चालकों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकर्षित करते हुए वसूली करने वाले सिपाहियों पर कार्यवाही करते हुए अवैध तरीके से वसूली को बंद कराए जाने की मांग की है गंगा नदी के पुल पर वसूली करते हुए सिपाहियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है इस संबंध में जब शहजादपुर चौकी इंचार्ज और कोखराज थानेदार से बात की गई तो उनका कहना की गंगा नदी के करेंटी पुल पर वसूली करने वाली उनके थाना और चौकी की पुलिस नहीं है कोखराज पुलिस से बातचीत के बाद यह स्पष्ट हो रहा है कि कौशांबी जिला के सीमा क्षेत्र में पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ की पुलिस जांच पड़ताल के नाम पर वसूली करके वाहन चालकों का शोषण कर रही है दूसरे जनपद की पुलिस का कौशांबी जिससे बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि कौशांबी जिले की सीमा में प्रतापगढ़ की पुलिस वसूली कर रही है और प्रतापगढ़ की पुलिस पर कार्रवाई नहीं हो रही है दूसरे जिले की पुलिस द्वारा गंगा नदी के करेंटी पुल पर वसूली किए जाने के मामले को गंभीरता से लेना होगा और गलत तरीके से दूसरे जिले के सीमा क्षेत्र में वसूली करके कौशांबी पुलिस को बदनाम करने वाली प्रतापगढ़ पुलिस पर कार्यवाही कर आम जनता को राहत दिलाना होगा।

**तो फिर कौशांबी जिले के सीमा क्षेत्र में घुसकर वसूली कर रही है प्रतापगढ़ जिले की पुलिस**

# सम्पादकीय

## नेपाल में नया युग

**भारत** के पड़ोसी देश नेपाल में जेन जी (नयी पीढ़ी) आंदोलन से हुई बड़ी राजनैतिक उथल-पुथल के बाद सत्ता के नए युवा युग की शुरूआत हुई है। 35 बरस के बालेन शाह ने नेपाल के अब तक के सबसे युवा प्रधानमंत्री के तौर पर शुक्रवार को शपथ ली। रैपर-गायक के तौर पर नेपाल के युवाओं में खासे लोकप्रिय रहे बालेन शाह चार बरस पहले 2022 में काठमांडू के मेयर नियुक्त हुए थे, अब उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को हाल ही में हुए चुनाव में लगभग दो-तिहाई बहुमत मिला, जो यह जाहिर करता है कि नेपाल में अब राजनीति का युवा दौर आ चुका है। बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को उनके ही गढ़ झापा में तगड़ी मात देकर बता दिया था कि जेन जी ने अब नेपाल की कमान अपने हाथों में ले ली है।

इससे पहले बांग्लादेश में भी छात्र आंदोलन से ही राजनैतिक उथल-पुथल मची थी, लेकिन वहां अस्थिरता और अशांति का दौर कुछ लंबा खिंचा और अब तारिक रहमान के नए नेतृत्व में फिलहाल भारत से संबंध सुधरते दिख रहे हैं। अब नजरें नेपाल के नए नेतृत्व पर हैं।

दरअसल समृद्ध और विकास की ओर बढ़ते पड़ोसी देशों से भारत का विकास और सुरक्षा भी जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान से तो भारत के संबंधों में तल्खी और अविश्वास बने ही रहते हैं, इसलिए जरूरी है कि नेपाल और बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध मजबूत रहें और उन्हें चीन के प्रभाव में न आने दिया जाए। इसके लिए भारत को अभी से मजबूत रणनीति बनानी होगी। ध्यान देने की बात है, राजशाही के बाद नेपाल में बनी तमाम सरकारें कमोबेश चीन के प्रभाव में रही हैं। नेपाल का चीन के साथ होने में कोई आपत्ति नहीं, लेकिन फिर उस वजह से भारत का विरोध नहीं होना चाहिए। यह एक हिंदू बहुल देश है, जिससे भारत से रोटी-बेटी के संबंध सदियों पुराने हैं।

वैसे नेपाल में बालेन शाह ने ऐसे वक्त में सत्ता संभाली है, जब पूरी दुनिया पर मध्यपूर्व में चल रही जंग का असर दिखने लगा है। तेल की कीमतों में आग लगी हुई है और खाड़ी देशों में रोजगार के अवसर अब काफी घट गए हैं। नेपाल से बड़ी संख्या में लोग रोजगार के लिए इन देशों में जाते हैं, लेकिन अब वे लौटेंगे तो इन लोगों को देश में ही रोजगार देना बहुत बड़ी चुनौती रहेगी। आंकड़े बताते हैं कि हर दिन करीब 2,900 नेपाली काम के लिए विदेश जाते हैं और उनका भेजा पैसा देश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। यह पैसा नेपाल के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 26 फीसदी से अधिक है।

इसके अलावा भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अक्षम प्रशासन को सुधारना भी बालेन शाह सरकार के सामने प्रमुख चुनौतियां रहेंगी। क्योंकि इन्हीं कारणों से ही युवाओं की नाराजगी सत्ता के खिलाफ फूटी थी और जेन जी आंदोलन खड़ा हुआ था। बालेन शाह अगर इस मोर्चे पर आधे भी कामयाब होते हैं, तो नेपाल गरीबी और अभाव के दलदल से बाहर निकलने लगेगा। नयी सरकार के सामने एक महत्वपूर्ण चुनौती राजनैतिक स्थिरता कायम करने की है। तीन करोड़ लोगों के इस देश में राजशाही खत्म होने के बाद से राजनीतिक स्थिरता लाने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन अब तक कामयाबी नहीं मिली। बल्कि राजशाही के दौर में भी सरकारों के बदलने का सिलसिला जारी था।

# अपने भीतर के हनुमान को जगाने का पर्व

-ललित गर्ग-

**हनुमान** जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन के चरित्र-निर्माण, आत्मबल, संयम, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देने वाला महान दिवस है। यह दिन हमें मंदिरों में दीप जलाने से अधिक अपने भीतर के अंधकार को दूर करने का संदेश देता है। हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक नहीं हैं, वे शक्ति के सदुपयोग, ज्ञान की विनम्रता, भक्ति की पराकाष्ठा और सेवा की परंपरा के प्रतीक हैं। इसलिए हनुमान जयंती मनाने का वास्तविक अर्थ है-अपने भीतर के हनुमान को जगाना। हनुमान जी को मंगलकर्ता और विघ्नहर्ता कहा गया है। लेकिन वे विघ्न केवल बाहरी नहीं हटाते, वे मनुष्य के भीतर के विघ्न-अहंकार, भय, आलस्य, क्रोध, लोभ, मोह, इन सबका भी नाश करते हैं। आज का मनुष्य बाहरी समस्याओं से कम और आंतरिक कमजोरियों से अधिक परेशान है। इसलिए आज हनुमान की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है।



हनुमान शक्ति के प्रतीक हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने कभी अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने अपनी शक्ति को सेवा में लगाया। आज का युग शक्ति प्रदर्शन का युग बन गया है-धन का प्रदर्शन, पद का प्रदर्शन, ज्ञान का प्रदर्शन, शक्ति का प्रदर्शन। लेकिन हनुमान हमें सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन नहीं, उसका संरक्षण और सदुपयोग ही महानता है। सर्वशक्तिमान होकर भी उन्होंने स्वयं को ह्लराम का दासह्व कहा। इससे बड़ी विनम्रता और क्या हो सकती है? हनुमान हमें यह भी सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का अहंकार नहीं होना चाहिए। ज्ञान यदि विनम्रता नहीं देता, तो वह अज्ञान है। शक्ति यदि सेवा में नहीं लगती, तो वह विनाश का कारण बनती है। इसलिए हनुमान शक्ति और ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता और सेवा के भी प्रतीक हैं।

हनुमान को ज्ञानियों में अग्रगण्य कहा गया है-ह्लज्ञानिनामग्रगण्यमह्व। वे केवल बलवान नहीं थे, वे महान विद्वान, व्याकरणाचार्य, तर्कशास्त्री, संगीतज्ञ और नीतिज्ञ भी थे। लेकिन इतनी विद्या होने पर भी उनमें अहंकार नहीं था। वे सरलता, सादगी और सेवा के प्रतीक बने रहे। आज शिक्षा बढ़ रही है, लेकिन विनम्रता घट रही है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं, लेकिन चरित्र घट रहा है। ऐसे समय में हनुमान का चरित्र हमें ज्ञान के साथ विनम्रता का संतुलन सिखाता है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे।

हनुमान के जीवन में तीन महान तत्व दिखाई देते हैं-ज्ञान, भक्ति और कर्म। ज्ञान उन्हें दिशा देता है, भक्ति उन्हें प्रेरणा देती है और कर्म उन्हें महान बनाता है। यदि किसी व्यक्ति के जीवन में ज्ञान है पर कर्म नहीं, तो वह अधूरा है। यदि कर्म है पर भक्ति नहीं, तो उसमें संवेदना नहीं होगी। यदि भक्ति है पर ज्ञान नहीं, तो वह अंधविश्वास बन सकती है। इन तीनों का समन्वय यदि किसी चरित्र में दिखाई देता है, तो वह हनुमान का चरित्र है। हनुमान का जीवन संयम का जीवन था। वे बलशाली थे, पर ब्रह्मचारी थे। वे विद्वान थे, पर विनम्र थे। वे वीर थे, पर शांत थे। वे शक्तिशाली थे, पर सेवक थे। यह संतुलन ही उन्हें महान बनाता है। आज मनुष्य के पास साधन हैं, पर संयम नहीं। ज्ञान है, पर दिशा नहीं। शक्ति है, पर सेवा नहीं। इसलिए समाज में अशांति बढ़ रही है। हनुमान का जीवन हमें संयम और संतुलन का संदेश देता है।

हनुमान के बाल स्वरूप की कथा भी अत्यंत प्रेरणादायक है। बालक हनुमान ने सूर्य को फल समझकर पकड़ने का प्रयास किया। यह केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि एक महान संदेश है। यह बालकों की असीम जिज्ञासा, उत्साह और ऊर्जा का प्रतीक है। यह कथा समाज को संदेश देती है कि बच्चों की जिज्ञासा को दबाया नहीं जाना चाहिए, उसे सही दिशा देनी चाहिए। यदि बालकों को सही मार्गदर्शन मिले, तो उनमें से हर बालक हनुमान बन सकता है- ऊजार्वान, जिज्ञासु, साहसी और रचनात्मक। आज के माता-पिता और समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वे बच्चों में हनुमान जैसे गुण विकसित करें- साहस, जिज्ञासा, अनुशासन, सेवा, विनम्रता और भक्ति। यदि बचपन में ही यह संस्कार मिल जाएं, तो समाज का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। हनुमान भक्ति का वास्तविक अर्थ भी समझना जरूरी है। हनुमान भक्ति केवल चालीसा पढ़ना नहीं है, बल्कि हनुमान के गुणों को जीवन में उतारना है।

हनुमान भक्ति का अर्थ है- अहंकार छोड़ना, सेवा करना, सत्य का साथ देना, संयम रखना, कर्तव्य निभाना और अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। जब तक भक्ति केवल मंदिर तक सीमित रहेगी, तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। जब भक्ति जीवन बन जाती है, तब भगवान और भक्त अलग नहीं रहते। हनुमान की भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मपरिवर्तन की प्रक्रिया है। यह भक्ति व्यक्ति को भीतर से बदल देती है-अहंकार की जगह विनम्रता, क्रोध की जगह क्षमा, भय की जगह साहस और निराशा की जगह आशा भर देती है। आज समाज में सबसे बड़ी समस्या शक्ति की नहीं, चरित्र की है; ज्ञान की नहीं, दिशा की है; साधनों की नहीं, संयम की है। इसलिए आज समाज को हनुमान की जरूरत है-मंदिरों में नहीं, जीवन में; मूर्तियों में नहीं, व्यक्तित्व में। हर व्यक्ति के भीतर एक हनुमान सोया हुआ है- किसी में साहस का हनुमान, किसी में सेवा का हनुमान, किसी में ज्ञान का हनुमान, किसी में भक्ति का हनुमान। जरूरत केवल उसे जगाने की है।

अपने भीतर के हनुमान को जगाने का अर्थ है- अपने भीतर के भय को हराना, अपने भीतर के अहंकार को मिटाना, अपने भीतर की शक्ति को सेवा में लगाना, अपने ज्ञान को समाज के काम में लगाना, अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। यदि हनुमान जयंती पर हम केवल पूजा करें और जीवन न बदलें, तो यह पर्व अधूरा है। यदि हम अपने जीवन में साहस, सेवा, संयम, विनम्रता और भक्ति का एक भी गुण उतार लें, तो हनुमान जयंती सार्थक हो जाएगी। आज आवश्यकता मंदिरों में हनुमान खोजने की नहीं, अपने भीतर हनुमान जगाने की है। जब व्यक्ति के भीतर हनुमान जागेगा, तब उसका भय समाप्त होगा। जब समाज के भीतर हनुमान जागेगा, तब अन्याय समाप्त होगा। जब राष्ट्र के भीतर हनुमान जागेगा, तब कमजोरी समाप्त होगी।

हनुमान जयंती हमें यही संदेश देती है कि महानता शक्ति में नहीं, शक्ति के सदुपयोग में है; ज्ञान में नहीं, ज्ञान की विनम्रता में है; भक्ति में नहीं, भक्ति के समर्पण में है। इस हनुमान जयंती पर हमें संकल्प लेना चाहिए- हम शक्ति का प्रदर्शन नहीं, संरक्षण करेंगे। हम ज्ञान का अहंकार नहीं, विनम्रता रखेंगे।

हम भक्ति का प्रदर्शन नहीं, जीवन में समर्पण लाएंगे। हम अपने भीतर के हनुमान को जगाएंगे। यदि हर व्यक्ति अपने भीतर के हनुमान को जगा ले, तो परिवार सुधर जाएगा, समाज सुधर जाएगा, राष्ट्र सुधर जाएगा और मानवता का भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा। यही हनुमान जयंती का वास्तविक संदेश है- अपने भीतर के हनुमान को जगाइए, जीवन को शक्ति, ज्ञान, भक्ति और सेवा का संगम बनाइए।

# पांच राज्य के चुनाव विपक्ष के लिए मौका : मोदी का सबसे कमजोर समय

शकील अख्तर

**सबसे** ज्यादा चर्चा में बंगाल का चुनाव है। पिछले दो विधानसभा चुनाव से जब से मोदी प्रधानमंत्री बने हैं उन्होंने बंगाल में पूरी ताकत झोंक रखी है। मगर पिछले 12 सालों में उनसे लड़ने में क्षेत्रीय दलों का रिकार्ड अच्छा है। ममता ने दोनों बार 2016 और 2021 में भाजपा के मंसूबे पूरे नहीं होने दिए। लेकिन इस बार एक नए हथियार से वोट काटकर वह ममता को कमजोर करना चाह रहे हैं।

ईरान युद्ध और उसके नतीजे में देश में गैस और पेट्रोल की किल्लत में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की खबर दब गई। मगर



विपक्ष के लिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। तीन राज्यों केरल असम और पुडुचेरी में तो नामांकन की प्रक्रिया खत्म भी हो गई है। यहां 10 दिन बाद मतदान है। 9 अप्रैल को। बाकी दो राज्यों बंगाल और तमिलनाडु में नामांकन चल रहा है। बंगाल में दो चरणों में चुनाव होना है। पहला चरण 23 अप्रैल को है।

उसी दिन तमिलनाडु में भी चुनाव है। एक ही दिन में। यहां के लिए नामांकन चल रहे हैं। 6 अप्रैल को खतम हो जाएंगे। फिर बंगाल में दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। विपक्ष के लिए एक मौका है।

# भाजपा द्वारा बंगाल भेजे गए चुनाव पर्यवेक्षक स्थानीय लोगों के निशाने पर

तीर्थंकर मित्रा

**भाजपा** अध्यक्ष को एक अप्रिय आश्चर्य का उस समय सामना करना पड़ा, जब उन्होंने राज्य के बाहर से आए नेताओं के काम-काज की समीक्षा शुरू की। पिछले चुनावों के अनुभव को देखते हुए, इन नेताओं को पश्चिम बंगाल में भाजपा के चल रहे चुनाव प्रचार में तेजी और गति लाने के लिए तैनात किया गया है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, परन्तु भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई अभी भी अपनी स्थिति ठीक नहीं कर पाई है। राज्य में पार्टी का संगठन काफी बिखरा हुआ है। इस बात का खुलासा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सामने तब हुआ, जब वे इस हफ्ते चुनाव प्रचार की देखरेख के लिए कोलकाता आए थे। भाजपा अध्यक्ष को एक अप्रिय आश्चर्य का उस समय सामना करना पड़ा, जब उन्होंने राज्य के बाहर से आए नेताओं के काम-काज की समीक्षा शुरू की। पिछले चुनावों के अनुभव को देखते हुए, इन नेताओं को पश्चिम बंगाल में भाजपा के चल रहे चुनाव प्रचार में तेजी और गति लाने के लिए तैनात किया गया है। लेकिन भगवा खेमे के सूत्रों ने बताया कि ये नेता उम्मीदवारों और पार्टी कार्यकताओं के साथ रहने के बजाय, अपने होटल के कमरों की वातानुकूलित सुख-सुविधाओं में 'आराम' फरमा रहे हैं। चुनाव प्रचार



की भाग-दौड़ और गर्मी-धूल से दूर, ये नेता पार्टी के उम्मीदवारों की चुनावी जीत सुनिश्चित करने के अभियान के बारे में आशावादी रिपोर्टें भेज रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इनमें से कुछ नेता तो राज्य में मौजूद भी नहीं हैं। जानकारी मिली है कि वे चुनावी मैदान से दूर रहते हुए भी पार्टी के आम कार्यकताओं को निर्देश जारी कर रहे हैं।

इन 'अनुपस्थित नेताओं' के रवैये का चुनाव प्रचार पर बुरा असर पड़ा है, खासकर उन विधानसभा क्षेत्रों में जहां नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। क्योंकि न तो उम्मीदवार और न ही उनके समर्थक, पार्टी के उन वरिष्ठ पदाधिकारियों के सामने अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जो इन 'अनुपस्थित नेताओं' से ऊंचे पद पर हैं।

सुवेंदु अधिकारी, दिलीप घोष या अग्निमित्रा पॉल जैसे दिग्गज उम्मीदवारों को इस तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ता है। वे अपना चुनाव प्रचार अपने दम पर करते हैं। जहां तक राज्य के बाहर से आए नेताओं की बात है, ऐसा लगता है कि वे स्थानीय नेताओं के निदेर्शों को दरकिनार कर रहे हैं। लेकिन चूंकि उन्हें जमीनी हकीकत की जानकारी नहीं होती, इसलिए चुनाव प्रचार की गति धीमी पड़ रही है। नवीन की बैठक में गुटबाजी भी खुलकर सामने आ गई। जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुछ लापरवाह नेताओं को कड़ी फटकार लगा रहे थे, तभी उन्होंने पाया कि पार्टी की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार बैठक से अनुपस्थित थे। जाहिर है।

## जिला कारागार में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

**सुल्तानपुर** में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भारत भूषण के निर्देशन में तथा जिला छह रोग अधिकारी डॉक्टर आरके कनौजिया के नेतृत्व में 100 दिवसीय अभियान के सफल संचालन हेतु एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जेल अधीक्षक प्रांजल अरविंद की अध्यक्षता में एमएमयू वैन के माध्यम से जेल में निरुद्ध कैदियों की टीबी स्क्रीनिंग किया गया तथा उनका शुगर बीपी की जांच किया गया तथा राजकीय टीबी क्लीनिक के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुरेश



कुमार की देखरेख में डीआरए नाजरीन द्वारा निरुद्ध कैदियों का सीने का एक्सरे किया गया, कैंप में कुल 100 बंदियों का स्क्रीनिंग एवं एक्सरे किया गया स्वास्थ्य कैंप में मुख्य रूप से जेलर ओमकार पांडे फार्मासिस्ट आनंद मोहन मिश्रा उप जेलर विवेक प्रकाश, डॉक्टर शाहिद अहमद, रेखा एलटी, रेशमा स्टाफ नर्स, अभिषेक वर्मा फार्मासिस्ट, अभिषेक कुमार, लैब टेक्नीशियन चंदन, जुबेर,उदय राज,फूल कला, रजनी, शांति एवं जेल वार्डर अभय राज चौधरी द्वारा सहयोग कर कैंप को सफल बनाया गया !!

## अज्ञात कारणों से लगी आग में 10 बीघा गेहूं राख

**सुल्तानपुर कुड़वार** थाना क्षेत्र के सोहगौली डढ़वा गांव में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर डढ़वा गांव निवासी नंद किशोर मिश्रा,संतराम मिश्रा व हौसिला प्रसाद मिश्रा समेत अन्य किसानों की करीब 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।



ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। किसानों ने आशंका जताई है कि बीड़ी या सिगरेट फेंकने से आग लगी हो सकती है।

## भदोही में दो निरीक्षकों को मिली पदोन्नति, कंधों पर सजे स्टार

अखंड भारत संदेश

**भदोही। जनपद** में कार्यरत दो निरीक्षकों को ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति का लाभ मिला है। पदोन्नति बोर्ड के निर्णय के अनुसार विश्वज्योति राय और सुनील कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) के पद पर पदोन्नत किया गया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अभिनव त्यागी (पुलिस अधीक्षक, भदोही) और प्रभात राय (पुलिस उपाधीक्षक, ज्ञानपुर) ने दोनों अधिकारियों के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अधिकारियों ने इसे उनके समर्पण,



अनुशासन और उत्कृष्ट सेवा का सम्मान बताया।

पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नत अधिकारी नई जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं और प्राथमिकता के आधार पर जनता की समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया।

# सीएम योगी ने 18,440 आंगनबाड़ी कर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, भदोही में लाइव प्रसारण देखा गया

अखंड भारत संदेश

**भदोही। योगी** आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर की आंगनबाड़ी व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहलें कीं। इस दौरान 18,440 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। साथ ही 69,804 कार्यकत्रियों/मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और करीब दो लाख ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण किया गया।



कार्यक्रम में 450 करोड़ रुपये की लागत से 3,170 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों तथा 140 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया गया।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भदोही कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। इस अवसर पर अनिरुद्ध त्रिपाठी (जिला पंचायत अध्यक्ष), दीनानाथ भास्कर (विधायक, औराई), शैलेष कुमार (जिलाधिकारी) और बाल गोविन्द शुक्ल (मुख्य विकास अधिकारी) समेत अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नव चयनित लाभार्थी उपस्थित रहे। जनपद में 346 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और 33 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए, जबकि 1,492 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। इसके साथ ही नेवादा कला, कस्तूरीपुर, कंसापुर और डंगहर सहित 20 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण भी किया गया।

## स्मार्ट मीटर योजना के नाम पर जनता पर डाला जा रहा अतिरिक्त बोझ : अभिषेक

**सुल्तानपुर। जनपद** में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के मुद्दे पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने इस योजना को सरकार की जनविरोधी नीति करार देते हुए इसके खिलाफ बृहस्पतिवार को सड़क पर उतर कर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को इस संबंध में व्यापक आंदोलन की रणनीति तैयार की गई है। आंदोलन में जिले भर के कांग्रेस कार्यकताओं के साथ-साथ आम नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आंदोलन के माध्यम से सरकार से स्मार्ट मीटर योजना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की जाएगी। अभिषेक सिंह राणा ने



आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ेंगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर चुप नहीं बैठेगी और जरूरत पड़ी तो इस आंदोलन को बड़ा रूप दिया जाएगा। वहीं, उन्होंने जिले में घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर भी चिंता जताई।

# चित्रकूट में शिक्षा का बिगुल- डीएम पुलकित गर्ग ने छेड़ी 'स्कूल चलो' क्रांति की धुन

- 15 अप्रैल तक नामांकन पूर्ण करने का लक्ष्य
- 100 प्रतिशत नामांकन का बड़ा अभियान

अखंड भारत संदेश



स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को प्रोत्साहित करते डीएम

**चित्रकूट।** जिले की सरजमीं पर शिक्षा का शंखनाद गूंजा, जब 01 अप्रैल को कर्वी के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पूरवा में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने स्कूल चलो अभियान-2026 का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण के साथ कार्यक्रम ने एक नई उम्मीद जगाई। प्रवेशोत्सव के तहत 24 नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, माला और पुस्तकों के साथ स्वागत हुआ, मानो शिक्षा का द्वार उनके लिए पूरी शान से खुल गया हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश दिया- कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा, और अभिभावकों से शत-प्रतिशत नामांकन व नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। लगभग 1.20 लाख विद्यार्थियों वाले इस जनपद में बेटियों की उड़ान को विशेष रूप से सराहा गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी बी.के. शर्मा ने 15 अप्रैल तक नामांकन पूर्ण करने का लक्ष्य रखा, वहीं डीबीटी राशि के सही उपयोग पर भी जोर दिया गया। विद्यालय में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने के संकेत दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत पूरे जनपद में आज 1317 बच्चों का प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में पुरस्कार पाकर चमके विजय और पूजा जैसे विद्यार्थी। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) शशांक शेखर शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

## तमंचे की नोक पर दरिंदगी के आरोपी को 10 वर्ष की सजा व अर्थदंड

**चित्रकूट।** जिले की शांत फिजाओं को दहला देने वाली एक वारदात पर आखिरकार न्याय का पहिया तेजी से घूमता नजर आया। एक विवाहिता के साथ दुराचार के मामले में त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने दोषी राजू उर्फ समसुद्दीन को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 16 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाकर यह संदेश दिया कि कानून की पकड़ से अपराधी बच नहीं सकते। पीड़िता ने पहाड़ी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि 11 सितंबर 2021 की रात, जब वह घर में अकेली सो रही थी, तभी आरोपी ने घर में घुसकर तमंचे के बल पर उसके साथ घिनौना अपराध किया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलों के बाद अदालत का यह फैसला न्याय व्यवस्था की सख्ती और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा।

## तीन फ्रैक्चर के बाद भी दौड़ती रही सोनाली, सिस्टम भी हुआ नतमस्तक- डीएम ने किया सम्मानित



मिशन शक्ति के तहत बालिका सोनाली को सम्मानित करते डीएम

**चित्रकूट।** जिले में 01 अप्रैल को मिशन शक्ति-5 के दूसरे चरण के तहत एक ऐसी कहानी सामने आई, जिसने हौसलों की परिभाषा ही बदल दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के निर्देश पर हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम- डीएमसी प्रिया माथुर और जेंडर स्पेशलिस्ट मीनू सिंह- ने बालिका सोनाली के घर पहुंचकर उसकी संघर्षगाथा जानी और काउंसलिंग की। कक्षा 10 से दौड़ के प्रति जुनून रखने वाली सोनाली ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, लेकिन एक भीषण एक्सीडेंट ने उसके सपनों को झकझोर दिया। पैर में तीन फ्रैक्चर के बावजूद उसका मनोबल नहीं टूटा- एक साल के इलाज और कठिन परिश्रम के बाद उसने फिर ट्रैक पर वापसी की। यूपी पुलिस की लिखित परीक्षा पास करने के बावजूद दौड़ में बाधा आई, पर उसने हार नहीं मानी। आज वह परिवहन विभाग में परिचालक है और पुलिस में जाने का सपना जिंदा रखे है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने अनंता थीम के तहत उसे स्मार्ट वॉच और ओडीओपी भेंट कर सम्मानित किया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

## मानिकपुर में बैंक बकाया के चलते 24 भूखंडों की नीलामी 13 को

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील में प्रशासन ने एक बड़े बैंक बकायेदार पर शिकंजा कसते हुए सख्त कदम उठाया है। तहसीलदार मानिकपुर के अनुसार कुसहाई रूकमाबुजुर्ग निवासी धीरेन्द्र सिंह, जो बैंक ऋण के दस बड़े बकायेदारों में शामिल है, द्वारा बकाया राशि जमा न करने पर उपजिलाधिकारी के आदेश से उसकी कुर्कशुदा भूमि की पुनः नीलामी तय की गई है। खाता संख्या-0033 व 00010 से जुड़े कुल 24 गाटा नंबरों की भूमि अब 13 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे तहसील परिसर में नीलाम होगी। प्रशासनिक सख्ती ने इलाके में हलचल मचा दी है, जहां एक ओर वसूली का दबाव है, वहीं दूसरी ओर किसानों के बीच इस कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज हो गई है। यह नीलामी अब सिर्फ जमीन की नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और कानून की साख की भी परीक्षा बनती नजर आ रही है।

## 34 वर्ष की सेवा के बाद प्रधानाचार्य पांडेय सेवानिवृत्त, विदाई में छलका इटवा डुडैला का दर्द



राजकीय हाई स्कूल इटवा डुडैला में प्रधानाचार्य रामेश्वर पांडेय का विदाई समारोह

**चित्रकूट।** 34 वर्ष 3 माह की निष्कलंक सेवा के बाद जब राजकीय हाई स्कूल इटवा डुडैला के प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद पांडेय ने 31 मार्च को सेवा से विदाई ली, तो पूरा विद्यालय भावनाओं के सैलाब में डूब गया। 1 अप्रैल को आयोजित भव्य विदाई समारोह में शिक्षा जगत के दिग्गजों की उपस्थिति ने इसे यादगार बना दिया। अध्यक्षता अरुण यादव एवं अशोक तिवारी ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन रविंद्र यादव ने किया। विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं और क्षेत्रीय गणमान्य लोग नम आंखों से अपने प्रिय प्रधानाचार्य को विदा करते नजर आए। अपने अल्प कार्यकाल में ही श्री पांडेय ने विद्यालय की सूरत और सीरत बदल दी- नामांकन बढ़ा, शिक्षा की गुणवत्ता सुधरी और अनुशासन का नया अध्याय लिखा गया। उनके प्रयासों से विद्यालय को इंटर कॉलेज में उच्चीकृत करने की मांग ने भी जोर पकड़ा, जिसका प्रस्ताव जिलाधिकारी द्वारा शासन को भेजा जा चुका है। विदाई के क्षणों में उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षा और सेवा का उनका संकल्प सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहेगा।

## जिले में करोड़ों की सड़क योजनाएं मंजूर, बुन्देलखण्ड निधि का बड़ा दांव

**चित्रकूट।** जिले की धूल भरी पगडंडियों पर अब विकास की नई इबारत लिखने की तैयारी है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बुन्देलखण्ड संतुलित क्षेत्रीय विकास निधि और विशेष मरम्मत योजनाओं के तहत कई अहम सड़कों को हरी झंडी दे दी है। कर्वी ब्लॉक के खम्हरिया से कोढन पुरवा तक 1.2 किमी सड़क 73.05 लाख की लागत से बनेगी, वहीं बगलई के विद्यालय से कुशवाहा बस्ती तक 1.6 किमी मार्ग 112.49 लाख में तैयार होगा। चिल्लीमल, कलवलिया और भरतकूप खनन प्रभावित इलाकों की सड़कों पर भी करोड़ों की मरम्मत का खाका खींचा गया है। खास बात यह है कि ये सड़कें सिर्फ दूरी नहीं घटाएंगी, बल्कि वर्षों से विकास से कटे गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने का दावा भी करती हैं। लेकिन सवाल वही- क्या ये योजनाएं जमीन पर उतरकर तस्वीर बदलेंगी या फिर कागजों में ही विकास की स्याही सूख जाएगी?

## रैली के साथ स्वास्थ्य विभाग ने संचारी रोग रोकथाम अभियान की शुरूआत की, 10 से दस्तक कार्यक्रम

1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान




विशेष संचारी रोग नियंत्रण की रैली में मौजूद नेतागण

**चित्रकूट।** जनपद में 1 अप्रैल से शुरू हुआ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान महज एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि बीमारियों के खिलाफ छेड़ा गया जनयुद्ध नजर आया। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, सीडीओ डीपी पाल, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने सफाई व स्वास्थ्य कर्मियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की औपचारिक शुरूआत की। शपथ के साथ शुरू हुई यह मुहिम अब गांव-गांव, गली-गली दस्तक देगी। अधिकारियों के मुताबिक, नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, कीटनाशक छिड़काव और पशुपालकों का जागरूकता अभियान इस लड़ाई के प्रमुख हथियार होंगे। 10 से 30 अप्रैल तक चलने वाला दस्तक अभियान घर-घर जाकर टीबी लक्षण, कुपोषण और स्वास्थ्य डेटा जुटाएगा, साथ ही हर नागरिक की आभा आईडी भी बनाई जाएगी। मलेरिया टीमों को शहरी क्षेत्रों में अलर्ट मोड पर तैनात किया गया है। सवाल है- क्या यह अभियान कागजों से निकलकर जमीनी हकीकत में भी उतनी ही तेजी से असर दिखा पाएगा?

## गर्मी को देखते हुए गौ-आश्रय स्थलों में व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

अखंड भारत संदेश




गौशाला में जांच करते बीडीओ

**चित्रकूट।** भीषण गर्मी की तपिश के बीच प्रशासन ने निराश्रित गोवंश को राहत देने के लिए कमर कस ली है। कर्वी विकासखंड में खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी और पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम ने सिद्धपुर, बनाड़ी, कवीर्माफी, पाही और कोलगदईया की गौशालाओं पर अचानक दस्तक देकर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। कहीं चारे की ढेरों व्यवस्था दिखी तो कहीं पानी की चरहियों की सफाई पर सख्त निर्देश गूंजे। अधिकारियों ने साफ कहाकृगोवंश की देखभाल में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। टीनशेड, छाया, स्वच्छ पानी और नियमित टीकाकरण को लेकर जिम्मेदारों को चेताया गया।

## सर्किट हाउस मे वीआईपी ठहराव के लिए 268 लाख की 12 बेड डॉरमेट्री को मिली मंजूरी

**चित्रकूट।** धर्मनगरी अब सिर्फ आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सुविधाओं का नया चेहरा बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन ने पर्यटन और वीआईपी आवागमन को ध्यान में रखते हुए बड़ा दांव खेला है- नए सर्किट हाउस परिसर में 12 बेड की अत्याधुनिक डॉरमेट्री के निर्माण के लिए 268.35 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। जिलाधिकारी के मुताबिक यह परियोजना केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं होगी, बल्कि इसमें आधुनिक साजो-सज्जा, निर्बाध बिजली-पानी और सुविधाजनक ठहराव की पूरी व्यवस्था शामिल होगी। खास बात यह है कि अब एक साथ कई अतिथियों और अधिकारियों के ठहरने की समस्या का समाधान हो सकेगा, जिससे प्रशासनिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। निर्देश साफ हैं- गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं और तय समय सीमा में काम पूरा करना अनिवार्य है। ऐसे में सवाल है कि क्या यह कदम चित्रकूट को पर्यटन के नए नक्शे पर चमकाने की शुरूआत बनेगा, या फिर योजनाओं की फाइलों में ही सीमित रह जाएगा?

## चित्रकूट में मीनी नंदिनी और गौ-संवर्धन योजनाओं का क्रियान्वयन जारी

- 23 लाख की योजना, 11 लाख अनुदान
- चयन प्रक्रिया में ई-लॉटरी लागू

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले की धरती पर दुग्ध क्रांति की नई आहट सुनाई देने लगी है, जहां मीनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना किसानों की किस्मत बदलने का दावा कर रही हैं। वर्ष 2024-25 में जहां मीनी नंदिनी योजना के तहत जनपद को मात्र 4 इकाइयों का लक्ष्य मिला, वहीं चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ई-लॉटरी का सहारा लिया गया है। 10 गायों की एक इकाई पर 23.60 लाख की लागत में सरकार 50 प्रतिशत यानी अधिकतम 11.80 लाख रुपये का अनुदान दो चरणों में दे रही है, जिसमें 15 प्रतिशत किसान का अंश और 35 प्रतिशत बैंक ऋण शामिल है। खास बात यह कि 4 लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में 5.90 लाख रुपये उनके खातों में पहुंच भी चुके हैं। दूसरी ओर, स्वदेशी नस्लों के संवर्धन के लिए चलाई जा रही योजना में गिर, साहीवाल, हरियाणा और थारपारकर गायों पर 40 प्रतिशत अनुदान देकर किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। 2024-25 में 20 और 2025-26 में 22 किसानों को लाभ मिल चुका है। सवाल यह है कि क्या ये योजनाएं वास्तव में ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दूध की नदियां बहा पाएंगी या फिर कागजों तक ही सीमित रह जाएंगी?

## चित्रकूट में 10.08 करोड़ की 24 विकास परियोजनाओं को शासन से मंजूरी

- गांव-गांव सड़क व चेकडैम का सपना
- त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत स्वीकृति

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के नेतृत्व में जनपद को त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 10 करोड़ 8 लाख 5 हजार रुपये की सौगात मिली है, जिसने सियासी गलियारों से लेकर गांव की चौपाल तक हलचल मचा दी है। कुल 24 विकास कार्यों को हरी झंडी मिलने के साथ ही प्रशासन ने यह संदेश दे दिया है कि अब सिर्फ वादों का नहीं, बल्कि जमीनी बदलाव का दौर शुरू हो चुका है। मानिकपुर के चन्द्रमारा में भौरा, हर्दी और शिवलिहाई नालों पर चेकडैम कम रपटों का निर्माण जल संकट से जूझ रहे इलाके के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। वहीं मऊ, रामनगर और कर्वी के गांवों में सड़कों और संपर्क मार्गों का जाल बिछाने की योजना ग्रामीण जीवन को नई गति देने जा रही है। खेत से बाजार तक की दूरी अब केवल किलोमीटर में नहीं, बल्कि अवसरों में मापी जाएगी। दिलचस्प यह है कि जहां एक ओर इंटरलॉकिंग सड़कों और नालों के निर्माण से शहरी वार्डों की तस्वीर बदलेगी, वहीं दूसरी ओर श्मशान घाटों तक पहुंचने वाले रास्ते भी अब विकास की रोशनी में आएंगे। प्रशासन का दावा है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होते ही आमजन को सीधे लाभ मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। लेकिन सवाल भी उठने लगे हैं- क्या यह विकास समय पर धरातल पर उतरेगा या फिर फाइलों में ही दम तोड़ देगा? फिलहाल, चित्रकूट के लिए यह राशि उम्मीद की नई इबारत लिख रही है, जिसका अंजाम आने वाला समय ही तय करेगा।

## चित्रकूट में 8 निर्माण कार्यों को स्वीकृति, 3.53 करोड़ की पहली किश्त जारी

**चित्रकूट।** जिले में विकास की रफ्तार ने एक बार फिर नया मोड़ लिया है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की पहल पर संतुलित क्षेत्रीय विकास (बुन्देलखण्ड) निधि योजना के तहत स्वीकृत 8 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों ने गांव-गांव तक उम्मीद की नई सड़कें बिछाने का रास्ता खोल दिया है। शासन से मिली 3.53 करोड़ रुपये की पहली किश्त ने इन परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया तेज कर दी है। कर्वी के खम्हरिया से कोढन पुरवा तक सड़क हो या बगलई में विद्यालय से कुशवाहा बस्ती तक संपर्क मार्ग, हर योजना सीधे ग्रामीण जीवन को आसान बनाने की दिशा में बढ़ रही है। मानिकपुर, रामनगर और मऊ के विभिन्न गांवों में बनने वाले संपर्क मार्ग अब दूरी नहीं, सुविधा की पहचान बनेंगे। कुल 10.65 किलोमीटर लंबी सड़कों का जाल विकास की नई तस्वीर गढ़ने को तैयार है। प्रशासन का दावा है कि इन कार्यों के पूर्ण होने पर न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के रास्ते भी मजबूत होंगे। सवाल बस इतना है- क्या ये सड़कें वाकई विकास की मंजिल तक पहुंचाएंगी या फिर कागजों में ही दौड़ती रह जाएंगी?

## रजिस्ट्री के नाम पर धोखाधड़ी का खेल, मऊ पुलिस ने तीन शातिर दबोचे

**चित्रकूट।** जिले के मऊ थाना क्षेत्र में जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर खेला जा रहा धोखाधड़ी का खेल आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे अभियान में मऊ पुलिस टीम ने तीन शातिर आरोपियों को धर दबोचा, जो कागजों की बाजीगरी से जमीन के सौदों में खेल कर रहे थे। क्षेत्राधिकारी फहद अली के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह की टीम ने पवन चौधरी, बाबूलाल उर्फ दरोगा और माला को गिरफ्तार किया। आरोप है कि ये तीनों मिलकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन की रजिस्ट्री में हेराफेरी कर लोगों को चूना लगा रहे थे। गिरफ्तारी के साथ ही इस गिरोह के नेटवर्क और अन्य संभावित राज भी खुलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे जमीन माफियाओं की जड़ों तक पहुंचा जा सके।

## दस साल से जर्जर सड़क पर फूटा ग्रामीणों का का गुस्सा, एसडीएम को सौपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण

**बरगढ़/चित्रकूट।** क्षेत्र की टूटी सड़क अब सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि व्यवस्था की लापरवाही का जख्म बन चुकी है। मऊ क्षेत्र के अशोक चौराहा से दूबी बरगढ़ तक की सड़क पिछले दस वर्षों से बदहाली की कहानी बयां कर रही है, जहां हर गड्ढा प्रशासनिक वादों की पोल खोलता नजर आता है। आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम राम ऋषि रमन को ज्ञापन सौंपकर चेताया है कि अगर पांच दिनों में निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो सड़क ही आंदोलन का मैदान बनेगी। समाजसेवी साकेत बिहारी शुक्ला ने आरोप लगाया कि शासन से स्वीकृति मिलने के बावजूद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सिर्फ आश्वासन की चादर ओढ़े बैठा है। हर गुजरते दिन के साथ लोगों की परेशानी और गुस्सा दोनों बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों का साफ कहना हैकृअब और इंतजार नहीं, या तो सड़क बनेगी या फिर संघर्ष की आवाज गूंजेगी।

## चित्रकूट में ज्ञान भारतम मिशन के तहत पाण्डुलिपि डिजिटलीकरण अभियान शुरू

- मंदिरों-मठों से निकलेगा खजाना
- पाण्डुलिपियों में कैद इतिहास अब खुलेगा

**चित्रकूट।** जिले की पवित्र धरती अब सिर्फ आस्था की नहीं, ज्ञान के पुनर्जागरण की गवाह बनने जा रही है। भारत सरकार के ज्ञान भारतम मिशन के तहत जिले में सदियों से धूल खा रही पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों और भोजपत्रों को नई डिजिटल जिंदगी देने का बिगुल बज चुका है। यह अभियान न सिर्फ विरासत बचाने का प्रयास है, बल्कि उस ज्ञान-गंगा को फिर से प्रवाहित करने की तैयारी है, जिसने कभी भारत को विश्वगुरु बनाया था। जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी को नोडल बनाकर प्रशासन ने मठों, मंदिरों, आश्रमों और निजी संग्रहकताओं तक पहुंच बनाने की रणनीति तैयार कर ली है। खास बात यह है कि 75 वर्ष से अधिक पुरानी दुर्लभ सामग्री को चिन्हित कर उसका डिजिटलीकरण किया जाएगा, जबकि मूल पाण्डुलिपियां संग्रहकताओं के पास ही सुरक्षित रहेंगी। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक अभियान में भागीदार बनें, क्योंकि यह सिर्फ दस्तावेजों का संरक्षण नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को बचाने की कवायद है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के साथ यह पहल डिजिटल इंडिया और सांस्कृतिक अस्मिता को नई ऊंचाई देने का मजबूत आधार बन रही है।

# डील नहीं हुई तो मैं इसे ले लूंगा...

# खर्ग द्वीप को लेकर ट्रंप की ईरान को खुली चेतावनी



**अमेरका**
**अमेरका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान में अपनी सैन्य कार्रवाई खत्म करने के लिए एक नए और पहले से अधिक समझदार शासन से गंभीर बातचीत कर रहा है। बातचीत में अच्छी प्रगति हुई है और उम्मीद है कि जल्द समझौता हो जाएगा। लेकिन अगर जल्दी समझौता नहीं हुआ, और अगर होर्मुज जलडमरूमध्य तुरंत व्यापार के लिए खुला नहीं किया गया, तो अमेरिका ईरान में अपने इस रुकने को खत्म करते हुए वहां के बिजली बनाने वाले प्लांट, तेल के कुएं और खार्ग द्वीप (और संभव है समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाने वाले प्लांट भी) को पूरी तरह नष्ट कर देगा। अभी तक इन जगहों को जानबूझकर नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई उसके उन सैनिकों और अन्य लोगों की मौत के जवाब में होगी, जिन्हें ईरान के पुराने शासन के 47 साल के आतंक के दौरान मारा गया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी बल फारस की खाड़ी में स्थित ईरान के प्रमुख तेल क्षेत्र खार्ग द्वीप को आसानी से अपने नियंत्रण में ले सकते हैं। ट्रंप ने समाचार पत्र ह्यफाइनेंशियल टाइम्सह्ल को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। ट्रंप ने कहा कि हो सकता है कि हम खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लें, हो सकता है कि हम ऐसे न भी करें। हमारे पास कई विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी होगा कि हमें कुछ समय के लिए वहां (खार्ग द्वीप पर) रहना होगा। वहां ईरान की रक्षा व्यवस्था के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उनके पास कोई रक्षा व्यवस्था है। हम इसे बहुत आसानी से अपने कब्जे में ले सकते हैं। अमेरिका ने खार्ग द्वीप पर सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए थे। ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिकी सेना उसकी धरती पर कदम रखती है तो वह खाड़ी के अरब देशों पर जमीनी आक्रमण करेगा और नए हमले करेगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान की संसद के अध्यक्ष ने फारस की खाड़ी के संकरे मुहाने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों के गुजरने की अनुमति दे दी है। साक्षात्कार में ट्रंप की यह बात इस बात का ताजा संकेत माना जा रहा है कि मोहम्मद बाकिर कलीबाफ ईरान की धार्मिक शासन व्यवस्था के भीतर कितने अहम होते जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, हाल के घटनाक्रम में कलीबाफ एक प्रभावशाली और निर्णायक चेहरे के रूप में उभरे हैं, जिससे उनकी भूमिका और महत्व और अधिक स्पष्ट हुआ है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने हमें पाकिस्तानी ध्वज वाले 10 टैंकर दिए थे। अब वे 20 दे रहे हैं और वे 20 पहले ही रवाना हो चुके हैं जो जलडमरूमध्य के ठीक बीच से गुजर रहे हैं। ट्रंप ने साक्षात्कार में कलीबाफ को लेकर कहा जहाजों को मुझे सौंपने की अनुमति उन्होंने ही दी थी। याद है मैंने कहा था कि वे मुझे एक तोहफा दे रहे हैं? और सबने पूछा था कि क्या तोहफा है?

ट्रंप ने कहा ह्यजब उन्हें इसके बारे में पता चला तो वे चुप रहे और बातचीत में काफी प्रगति हो रही है। ईरान के नेता कलीबाफ ने युद्ध के दौरान एक्स पर अपनी पोस्ट के जरिए आक्रामक तेवर दिखाए हैं। वह लगातार अमेरिका का मजाक उड़ाते रहे हैं और खुली धमकियां भी देते रहे हैं।

# यूएस से बातचीत के आपके मंच में हम शामिल नहीं

**ईरान**
**ईरान** ने पाकिस्तान के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है कि वह मौजूदा संघर्ष को समाप्त करने के लिए तेहरान और वाशिंगटन के बीच सीधी बातचीत की मेजबानी करने को तैयार है। स्पष्ट जवाब देते हुए ईरानी अधिकारियों ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हो रही है और पाकिस्तान के नेतृत्व वाले प्रयासों में किसी भी तरह की संलिप्तता की बात को भी नकार दिया।

ईरान ने कड़ा स्पष्टीकरण जारी किया

मुंबई स्थित ईरान के वाणिज्य दूतावास ने स्पष्ट किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कोई सीधी बातचीत नहीं हुई है। इसके बजाय, उसने कहा कि मध्यस्थों के माध्यम से केवल "अत्यधिक और अनुचित मांगें" ही रखी गई हैं। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि पाकिस्तान द्वारा आयोजित कोई भी राजनयिक मंच उसकी अपनी पहल है और ईरान ने उनमें भाग नहीं लिया है।



पाकिस्तान के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया

पाकिस्तान ने रविवार को घोषणा की थी कि वह अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता की मेजबानी करने को तैयार है। यह घोषणा इस्लामाबाद में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद आई, जहां पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने सऊदी अरब, मिस्र और तुर्की के अपने समकक्षों से मुलाकात की। बैठक के दौरान, मंत्रियों ने कथित तौर पर संघर्ष के प्रभाव पर चर्चा की, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे प्रमुख वैश्विक समुद्री मार्गों में व्यवधान भी शामिल है। पाकिस्तान के दावों के बावजूद, इस्लामाबाद में हुई वार्ता में संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान या इजराइल के प्रतिनिधि शामिल नहीं थे। इससे देश में इस तरह की वार्ता की मेजबानी की व्यवहार्यता पर सवाल उठ रहे हैं। प्रत्यक्ष वार्ता से इनकार करते हुए, ईरानी सूत्रों ने संकेत दिया कि अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष रूप से संवाद जारी है। रिपोर्टों से पता चलता है कि तेहरान ने मध्यस्थों के माध्यम से वाशिंगटन के प्रस्तावों का जवाब दिया है, लेकिन किसी औपचारिक वार्ता पर सहमति नहीं बनी है।

तनाव कम करने की अपील

ईरान ने क्षेत्रीय देशों द्वारा संघर्ष समाप्त करने की अपीलों का स्वागत किया, लेकिन साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि स्थिति के लिए जिम्मेदारी स्वीकार की जानी चाहिए।

# शांति प्रस्ताव खारिज, अब आक्रमण करना का खतरा? ईरान के तेल भंडार पर

**ईरान**
**ईरान** ने मध्य पूर्व में संघर्ष समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा रखे गए 15 सूत्री प्रस्ताव को एक बार फिर खारिज कर दिया है। देश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने इसे अवास्तविक और अनुचित बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच कोई सीधी बातचीत नहीं हुई है और सभी संचार मध्यस्थों के माध्यम से ही हुए हैं। अल अरबिया न्यूज के अनुसार, उन्होंने कहा कि ईरान को भेजे गए प्रस्ताव अधिकतर अवास्तविक, अनुचित और अत्यधिक' हैं। 15 सूत्री शांति प्रस्ताव का विवरण अभी उपलब्ध नहीं है, लेकिन ट्रम्प ने पहले दावा किया था कि ईरान शर्तों पर सहमत हो गया है। उन्होंने यह भी दावा



किया था कि प्रस्ताव पाकिस्तान के माध्यम से ईरान को भेजा गया था। हालांकि, उन्होंने बातचीत को लेकर अनिश्चितता की ओर भी इशारा किया था।

79 वर्षीय अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था, हम उनसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बातचीत कर रहे हैं। हमारे दूत हैं, लेकिन हम सीधे तौर पर भी बातचीत कर रहे हैं। ईरान के साथ कुछ भी निश्चित नहीं होता, क्योंकि हम उनसे बातचीत करते हैं और फिर हमें हमेशा उन्हें उड़ाना पड़ता है।

क्या अमेरिका जमीनी आक्रमण की तैयारी कर रहा है?

ईरान द्वारा शांति प्रस्ताव को अस्वीकार करने का निर्णय उन अटकलों के बीच आया है कि अमेरिकी सेना इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ जमीनी आक्रमण की योजना बना रही है। हालांकि, वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह व्यापक आक्रमण होने की संभावना नहीं है और इसका ध्यान खारग द्वीप पर कब्जा करने और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास छापे मारने जैसे सीमित हमलों पर केंद्रित होगा। हालांकि, पोस्ट ने यह भी कहा कि ट्रंप ने अभी तक इस योजना को मंजूरी नहीं दी है। लेकिन यह ध्यान देने योग्य है कि उन्होंने खारग द्वीप पर कब्जा करने का संकेत दिया है, जो फारस की खाड़ी में ईरान का मुख्य तेल स्रोत है।

# यूएस प्लेन के लिए एयरस्पेस किया बंद, मिलिट्री बेस में नो एंट्री



**स्पेन**
**स्पेन** ने ईरान पर हमले करने वाले अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को घोषणा की कि स्पेन ने संयुक्त रूप से संचालित सैन्य ठिकानों के उपयोग पर रोक लगाने के अपने पूर्व निर्णय का विस्तार किया है। मैड्रिड में पत्रकारों से बात करते हुए रोबल्स ने कहा कि हम ईरान युद्ध से संबंधित कार्रवाइयों के लिए न तो सैन्य ठिकानों के उपयोग की अनुमति देते हैं और न ही हवाई क्षेत्र के उपयोग की। इस कदम की खबर सबसे पहले स्पेनिश अखबार एल पेस ने सैन्य सूत्रों के हवाले से दी थी। रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रतिबंध के कारण सैन्य विमानों को मध्य पूर्व में अपने लक्ष्यों की ओर जाते समय नाटो सदस्य स्पेन को बाईपास करना पड़ेगा। हालांकि, आपातकालीन स्थितियों में हवाई क्षेत्र बंद करने का नियम लागू नहीं होगा।

स्पेन के अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने कहा कि यह निर्णय संघर्ष के खिलाफ सरकार के व्यापक रुख को दर्शार्ता है। रेडियो कैडेना सेर को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, "यह निर्णय स्पेन सरकार द्वारा पहले से लिए गए उस निर्णय का हिस्सा है जिसके तहत वह एकतरफा और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ शुरू किए गए युद्ध में भाग नहीं लेगी या योगदान नहीं देगी।" उन्होंने अमेरिका के साथ संभावित टकराव की आशंकाओं का जवाब देते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के सबसे मुखर आलोचकों में से रहे हैं, उन्होंने इन हमलों को गैर-जिम्मेदाराना और अवैध बताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संभावित आर्थिक परिणामों की चेतावनी दी है और संघर्ष से संबंधित अभियानों के लिए स्पेन द्वारा अपने सैन्य ठिकानों तक पहुंच से इनकार करने के बाद मैड्रिड के साथ व्यापार बंद करने की धमकी दी है।

# फिसल गया... ईरान जंग की मध्यस्थता करा रहे पाक डिप्टी सीएम के साथ हुआ हादसा

**पाकिस्तान**
**पाकिस्तान** के उप प्रधानमंत्री इशाक डार के साथ रेड कार्पेट पर एक अजीब घटना घटी, जब मध्य पूर्व में तनाव कम करने की वार्ता के लिए इस्लामाबाद में मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलत्ती का स्वागत करते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे फिसल गए। औपचारिक राजनयिक स्वागत समारोह के दौरान डार (जो पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं) के रेड कार्पेट पर गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में दिख रहा है कि डार अतिथि का अभिवादन करने के लिए आगे बढ़े तो उनका संतुलन बिगड़ गया और वे जमीन पर गिर गए। पास खड़े सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उनकी सहायता की। अधिकारियों ने बाद में बताया कि गिरने से मंत्री के कंधे में मामूली फ्रैक्चर हुआ है, लेकिन उन्होंने निर्धारित समय के अनुसार बैठक जारी रखी। यह घटना इस्लामाबाद में पाकिस्तान, मिस्र, तुर्की और सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों की चतुर्भुर्जीय बैठक के दौरान घटी, जिसमें अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने पर चर्चा हुई।

डार को कोई चोट नहीं आई, लेकिन उनके बेटे ने बताया कि वे दर्द से राहत पाने के लिए दर्द निवारक दवा ले रहे थे और देर रात ही चिकित्सा जांच के लिए राजी हुए। अली डार ने एक्स पर बताया कि आज मिस्र के विदेश मंत्री के स्वागत समारोह के दौरान घायल होने के बावजूद, इशाक दार साहब ने दर्द निवारक दवाइयों के सहारे



दिन भर की सभी महत्वपूर्ण बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न कीं, अल्हम्दुलिल्लाह। उन्होंने आगे बताया कि आधिकारिक बयान दर्ज करने के बाद, रात करीब 9 बजे परिवार के आग्रह पर उनकी चिकित्सा जांच कराई गई।उनके एक्स-रे की रिपोर्ट में सब ठीक है। कंधे में मामूली फ्रैक्चर है। आने वाले कुछ दिनों में, दवाइयों और अन्य एहतियाती उपायों के माध्यम से उनके दर्द को नियंत्रित किया जाएगा।

डार, शहबाज शरीफ की सरकार के प्रमुख सदस्य हैं, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों मोर्चों पर सक्रिय हैं। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विदेश मंत्रियों के बीच हुई बातचीत में युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने के तरीकों और इस्लामाबाद में संभावित अमेरिका-ईरान वार्ता पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि यह युद्ध किसी के हित में नहीं है और इससे केवल मृत्यु और विनाश ही होगा; इन चुनौतीपूर्ण समय में मुस्लिम उम्मा की एकता सर्वोपरि है।

# झूठे राष्ट्रपति... ईरान के बिजली-पानी पर हमला

**इजराइल**
**ईरान** पर अमेरिकी और इजराइल के हमले लगातार जारी हैं। इस जंग के 30वें दिन अमेरिका इजराइल के हमलों के बाद ईरान की राजधानी तेहरान में बिजली गुल हो गई है। ईरान के उप ऊर्जा मंत्री अब्बास अलीबादी के मुताबिक हमलों से अलबोर्ज प्रांत में पावर ग्रिड को नुकसान पहुंचा है। इससे तेहरान और करज के कई इलाकों में बैकउ हो गया है। हालांकि अब्बास अलीबादी ने कहा है कि बिजली सप्लाई जल्द बहाल कर दी जाएगी और स्थिति नियंत्रण में हो जाएगी।



इसके अलावा ईरान के खंडास स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र को भी निशाना बनाया जा चुका है। आईएईए यानी अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भी इस खबर की पुष्टि की है। उसने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर लिखा सेटेलाइट इमेज के एनालिसिस और प्लांट की जानकारी के आधार पर आईएईए ने हुंडास स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र की पुष्टि की है। इस हमले के बारे में ईरान ने 27 मार्च को इनफॉर्म किया था कि संयंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचा है और अब यह फंक्शनल नहीं है। संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री नहीं है। यानी पानी और बिजली जैसी बेसिक सुविधाओं पर अमेरिका और इजराइल ने हमला कर ईरान पर दबाव बनाने की कोशिश की है। लेकिन इन तमाम दुश्वारियों के बावजूद, तमाम संकटों के बावजूद ईरान झुकने को तैयार नहीं है बल्कि पुरजोर तरीके से जवाबी हमले कर रहा है। आईआरजीसी यानी ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने कहा है कि देश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुए हमलों के जवाब में अमेरिका और इजराइल से जुड़े ठिकानों पर हमारी कारवाई जारी है। आईआरजीसी के एरोस्पेस कमांडर सैयद माजिद मौसवी के मुताबिक अब तक न्योतब के केमिकल इंडस्ट्री एक रिफाइनरी दो स्टील कॉम्प्लेक्स और दो एलुमिनियम मेगा कॉम्प्लेक्स को हमने निशाना बनाया है। इन सबके बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में सेना की जमीनी कार्यवाही की भी धमकी दी है।

इतना ही नहीं अमेरिकी जहाज त्रिपोली 3500 सैनिक लेकर वेस्ट एशिया वार जोन में पहुंच गया है। इन स्थितियों पर आईआरजीसी के खातम अल अंबिया केंद्र मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जुल्फाकारी ने कहा ईरानी क्षेत्र के किसी भी हिस्से पर जमीनी कार्यवाही।

# कहां गया ईरान का 400 किलो यूरेनियम? जो नेतन्याहू-ट्रंप को दे रहा टेंशन

**वाशिंगटन**
**वाशिंगटन** में एक महत्वपूर्ण सैन्य विकल्प पर विचार चल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस बात पर गौर कर रहे हैं कि क्या ईरान से लगभग 1,000 पाउंड (453.5 किलोग्राम) समृद्ध यूरेनियम निकालने के लिए अमेरिकी सेना भेजी जाए। इस चर्चा से जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, यदि प्रस्तावित मिशन को मंजूरी मिल जाती है, तो अमेरिकी सैनिक कई दिनों तक, संभवतः उससे भी अधिक समय तक, ईरानी क्षेत्र में तैनात रहेंगे, जो मौजूदा संघर्ष में एक महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। अधिकारियों ने कहा कि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन ट्रंप इस विचार के प्रति खुले हैं क्योंकि यह ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के उनके दीर्घकालिक उद्देश्य के अनुरूप है। साथ ही, अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी विचार-विमर्श का मुख्य केंद्र बनी हुई हैं।

राष्ट्रपति ने कूटनीतिक विकल्प पर भी जोर दिया है और सलाहकारों से ईरान पर दबाव डालने को कहा है ताकि वह युद्ध समाप्त करने के व्यापक समझौते के तहत सामग्री सौंप दे। हालांकि, उन्होंने निजी बातचीत में स्पष्ट कर दिया है कि "ईरानी सामग्री को अपने पास नहीं रख सकते", और वार्ता विफल होने पर बलपूर्वक इसे लेने की संभावना पर भी विचार किया है। रात को ट्रंप ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए पत्रकारों से कहा कि ईरान को अमेरिकी मांगों का पालन करना होगा अन्यथा "उनका कोई देश नहीं बचेगा"। यूरेनियम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे हमें परमाणु धूल देंगे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# ईरान-अमेरिका पर नया फैसला, इस्लामाबाद की बात मानेगा इजरायल?

**अमेरिका**
**मिडिल** ईस्ट में हालात हर दिन और खतरनाक होते जा रहे हैं। एक तरफ लगातार हमले हो रहे हैं तो दूसरी तरफ जवाबी कार्रवाई। लेकिन इसी बीच एक ऐसा डेवलपमेंट सामने आया है जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया है। पाकिस्तान ने दावा किया है कि वह यूनाइटेड स्टेट्स और ईरान को एक टेबल पर बैठा सकता है और शांति वार्ता करा सकता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर यह बातचीत होती तो इजराइल क्या करेगा? क्या जंग रुकेगी या और तेज हो जाएगी? दरअसल 29 मार्च को इस्लामाबाद में एक हाई लेवल मीटिंग हुई। इसमें शामिल हुए सऊदी अरब, इजिप्ट, तुर्की और इस मीटिंग को लीड किया ईशाक डार ने पाकिस्तान के एफएम ने यानी कि फॉरेन मिनिस्टर ने। मीटिंग के बाद पाकिस्तान की तरफ से बड़ा दावा किया गया कि आने वाले समय में यूएस और ईरान के बीच इस्लामाबाद में बातचीत हो सकती है।

अभी तक ना अमेरिका ने इसकी पुष्टि की ना ईरान ने। अगर रिपोर्ट्स की बात करें तो खासकर रटर्स तो इस मीटिंग में चार बड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। पहला सीज फायर कैसे लाया जाए? दूसरा स्टेट ऑफ हॉर्मच को खोलना। तीसरा ऑयल ट्रेड के लिए नया सिस्टम और चौथा रीजनल कॉरपोरेशन। यानी यह सिर्फ एक मीटिंग नहीं थी बल्कि पूरे क्षेत्र की रणनीति तय करने की कोशिश हुई थी। अब समझिए सबसे अहम पॉइंट यानी कि हॉर्मज स्टेट।



दरअसल स्टेट ऑफ हॉर्म दुनिया के करीब 20% तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। अब इजिप्ट का बड़ा प्रस्ताव है। जैसे स्वेज कैनाल में ट्रांजिट फ्री सिस्टम है। वैसे ही हॉर्न में भी ट्रांजिट सिस्टम लागू किया जाए। अगर ऐसा होता

**● दूसरा स्टेट ऑफ हॉर्मच को खोलना। तीसरा ऑयल ट्रेड के लिए नया सिस्टम और चौथा रीजनल कॉरपोरेशन। यानी यह सिर्फ एक मीटिंग नहीं थी बल्कि पूरे क्षेत्र की रणनीति तय करने की कोशिश हुई थी।**

है तो ग्लोबल ऑयल ट्रेड पूरी तरह से बदल सकता है और कई देशों की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। अब रिपोर्ट्स के मुताबिक तुर्की, इजिप्ट, सऊदी अरबिया मिलकर एक कंसोटियम बनाना चाहते हैं जो ऑयल ट्रेड को मॉनिटर करेगा।

पाकिस्तान को भी इसमें शामिल होने का ऑफर दिया गया है। लेकिन पाकिस्तान ने इसमें शामिल होने से इंकार कर दिया। और अब एक और बड़ी जानकारी। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर सीधे संपर्क में है यूएस वॉइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस के साथ यानी पर्दे के पीछे बातचीत जारी है और तनाव कम करने की कोशिश हो रही है। अब सबसे बड़ा विरोधाभास सच्चाई क्या है वो जान लीजिए कि एक तरफ शांति की कोशिश है तो दूसरी तरफ जंग जारी है। इजराइल लगातार ईरान पर हमले कर रहा है और ईरान भी जवाबी कार्वाई कर रहा है।